
रोहतक
बुधवार 6 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 30, अंक : 91
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 35.5
न्यून. 17.6

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



07 मेंस टी20 रैंकिंग : मजबूती के साथ 'नंबर-1' पर भारत


फोटोः बहादुरगढ़

# कई जिलों में झमाझम बारिश, नूंह-झज्जर में ओलावृष्टि

**मौसम में बदलाव जारी, येलो अलर्ट**

- दो जिलों में ओलों की बिछी सफेद चादर
- पानीपत में तेज बारिश फतेहाबाद-गुरुग्राम में बूंदाबांदी हुई
- 5.9 डिग्री तक गिरा पारा, हल्की ठंड लौटी

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में मंगलवार को भी मौसम में बदलाव जारी रहा। पंचकूला, गुरुग्राम और फतेहाबाद के टोहाना और कैथल के राजौंद में सुबह बूंदाबांदी हुई। करनाल, भिवानी, फतेहाबाद और हिसार में बादल छाए रहे। शाम को नूंह और झज्जर में तेज बारिश के साथ ओले गिरे, जबकि पानीपत में झमाझम बारिश हुई। बहादुरगढ़ में ओलावृष्टि के बाद सड़क किनारे सफेद चादर सी बिछ गई। मौसम विज्ञान ने बुधवार के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। बारिश और ठंडी हवाओं के कारण हरियाणा में अधिकतम तापमान में काफी गिरावट आई है। प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 5.9 डिग्री नीचे पहुंच गया है।

**कहां कितना तापमान**

| स्थान | अधि. | न्यून. |
|---|---|---|
| रोहतक | 35.5 | 17.6 |
| भिवानी | 35.0 | 20.0 |
| सिरसा | 34.5 | 18.8 |
| सोनीपत | 34.3 | 20.2 |
| गुरुग्राम | 34.1 | 18.0 |
| हिसार | 33.9 | 19.6 |
| च.दादरी | 33.8 | 21.9 |
| जींद | 32.6 | 20.1 |
| पानीपत | 31.8 | 21.0 |

### 4 जिलों में रात का पारा 20 डिग्री से नीचे

प्रदेश में मंगलवार को औसत न्यूनतम तापमान में 1.4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। हालांकि, यह राज्य में सामान्य से 5.9 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। मौसम विभाग के अनुसार अभी मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। इस दौरान आसमान में आंशिक या घने बादल छा सकते हैं। कुछ स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी भी हो सकती है।

### तीन दिन बाद बढ़ेगी गर्मी

मौसम विभाग का अनुमान है कि सक्रिय विक्षोभ का असर अगले तीन दिन के बाद खत्म होना शुरू हो जाएगा। इसके बाद आसमान साफ हो जाएगा। मौसम खुलते ही तापमान में तेजी से वृद्धि देखने को मिल सकती है, जिससे लू का प्रकोप बढ़ना शुरू हो जाएगा। मई के दूसरे पखवाड़े में लू के थपेड़ों का फिर से सामना करना पड़ सकता है।

### यूपी-बिहार में आंधी बिजली से 31 मौतें

मौसम में आए बदलाव से दिल्ली में मंगलवार दोपहर को ओले गिरे। पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश, बिहार समेत पूर्वोत्तर के राज्यों में आंधी-बारिश से 8 लोगों की मौत हो गई। बिहार में 22 जिलों में आंधी-बारिश हुई। बिजली गिरने से 7 बच्चों समेत 23 लोगों की मौत हो गई। 2 महिलाएं झुलस गईं।

(पैकेज पेज-5 पर)

## हम जनादेश से नहीं साजिश से हारे, चुनाव आयोग असली विलेन

# हार से बौखलाई ममता का इस्तीफा देने से इनकार

भाजपा ने 100 सीटें लूटी, मैं आजाद पंछी, शेर की तरह लड़ूंगी

हम चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे, 5 सांसदों सहित 10 लोगों की फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी बनाई जाएगी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

विधानसभा चुनाव में मिली हार से बौखलाई पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा- मैं मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं। इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। ममता ने आगे कहा- चुनाव आयोग असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी। ममता ने आरोप लगाया- भाजपा ने काउंटिंग सेंटरों पर कब्जा कर लिया था। मेरे साथ बदसलूकी की। उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं के साथ अत्याचार किया। पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता मेरे साथ हैं। हम फिर से उभरेंगे और शेर की तरह लड़ेंगे। पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आ चुके हैं। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटें जीत ली हैं। पार्टी 9 मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। टीएमसी सिर्फ 80 सीटें जीत सकी। 15 साल बाद ममता के हाथ से सत्ता चली गई है।



### नैतिक रूप से हम चुनाव जीते हैं

- मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, मैं हारी नहीं हूं। मेरे इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं उठता। इसलिए राजभवन नहीं जाऊंगी। वे ऑफिशियली हमें हरा सकते हैं, लेकिन नैतिक रूप से हम चुनाव जीते हैं।
- चुनाव से दो दिन पहले हमारे लोगों को गिरफ्तार किया गया। जगह-जगह छापे मारे गए। आईपीएस-आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री इसमें सीधे तौर पर शामिल हैं।
- पहले राउंड की काउंटिंग के बाद ही वे कहने लगे कि भाजपा 195-200 सीटें जीत रही है। अंतिम नतीजे का इंतजार नहीं किया। भाजपा वालों ने पोलिंग स्टेशन के अंदर घुसकर लोगों और काउंटिंग एजेंट्स को पीटना शुरू कर दिया।
- हम चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे।

### इस्तीफा नहीं दिया तो बर्खास्त होंगी ममता

- पश्चिम बंगाल की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 7 मई 2026 को समाप्त हो रहा है।
- इसके बाद ममता का मुख्यमंत्री बने रहने का अधिकार संवैधानिक रूप से खत्म हो जाएगा। अगर ममता इस्तीफा नहीं देती है तो राज्यपाल उन्हें बर्खास्त कर देंगे।
- मौजूदा मुख्यमंत्री के इस्तीफे के बाद नई विधानसभा में नई सरकार के नए मुख्यमंत्री नियुक्त होंगे।

### भाजपा कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या

कोलकाता के न्यूटाउन इलाके में एक भाजपा कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि तेज आवाज में म्यूजिक बजाने पर टीएमसी के एक कार्यकर्ता और उसके साथियों ने पीट-पीटकर भाजपा कार्यकर्ता की जान ले ली। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है।

### बंगाल में 9 मई को नई सरकार का शपथग्रहण

बंगाल में चुनाव नतीजे आने के बाद नई सरकार के गठन की तैयारियां तेज हो गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह की तारीख भी तय हो गई है। बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने घोषणा की है कि 9 मई को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। हालांकि, बंगाल के मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा अभी तक नहीं हुई है। बंगाल में 9 मई इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती भी है। बंगाल भाजपा अध्यक्ष ने ऐलान किया कि उसी दिन भाजपा का कोई नेता बंगाल सीएम पद की शपथ लेगा।

### सीएम नायब असम में केंद्रीय सहप्रभारी बने



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को असम भाजपा विधायक दल का नेता चुनने के लिए केंद्रीय सह पर्यवेक्षक बनाया गया है। भाजपा संसदीय बोर्ड ने असम में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने इस बारे में लिखित आदेश जारी कर दिए हैं। उनके मुताबिक केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया गया है।

### थलापति 7 को लेंगे शपथ

तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस्तीफा दे दिया है, जिसे राज्यपाल ने स्वीकार कर लिया। विजय थलापति को टीवीके का विधायक दल का नेता चुना गया है। वे 7 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

## कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसा

पंजाब जा रही थी टीम

# छापा मारने जा रहे यूपी के चार पुलिसकर्मियों सहित 5 की मौत

**नूंह (हरिभूमि न्यूज)।** कुंडली - मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह करीब 10 बजे एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश पुलिस के चार कर्मियों सहित कुल पांच लोगों की मौत हो गई। हादसा तावडू सदर थाना क्षेत्र में धुलावट टोल प्लाजा से करीब एक किलोमीटर पहले हुआ, जहां तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार आगे खड़े एक भारी वाहन से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोगों की मौके पर ही जान चली गई।



- खड़े वाहन से टकराई स्कॉर्पियो यूपी के जालौन में तैनात थे सभी

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के औरैया थाना पुलिस की टीम अपहरण मामले में छापा मारने पंजाब जा रही थी। मृतकों की पहचान इंस्पेक्टर मोहित कुमार यादव (32) निवासी आदमपुर थाना सौरिख, सब-इंस्पेक्टर सत्यभान (59) निवासी अलीपुर जटिमाला जिला कासगंज, सिपाही अशोक कुमार (28) निवासी बबेरू जिला बांदा, सिपाही प्रदीप कुमार (30) निवासी रायबरेली तथा चालक अमरीक सिंह निवासी जींद के रूप में हुई है। ये सभी उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में तैनात थे।

# अमेरिकी विमान कतर के एयरस्पेस से लापता इमरजेंसी सिग्नल देकर रडार से हुआ गायब

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी वायुसेना का एक केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर विमान कतर के ऊपर इमरजेंसी सिग्नल देने के बाद लापता हो गया। केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर को 'फ्लाइंग गैस स्टेशन' कहा जाता है, क्योंकि यह हवा में अन्य सैन्य विमानों को ईंधन भरने में सक्षम है। ईरान की फॉर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, विमान ने उड़ान के दौरान '7700' इमरजेंसी सिग्नल भेजा। यह सिग्नल तब दिया जाता है जब विमान में कोई गंभीर समस्या हो। हालांकि इसमें ईरान की किसी भी भूमिका की बात नहीं कही गई। यह विमान यूएई के अल धफरा एयर बेस से उड़ा था और फारस की खाड़ी के ऊपर उड़ रहा था। इसी दौरान कतर के पास उसका सिग्नल कुछ समय के लिए गायब हो गया।

### यूएई में 3 भारतीय घायल मोदी बोले, यह स्वीकार नहीं

यूएई के फुजैराह में ऑयल पोर्ट पर ईरानी हमले को लेकर भारत ने विरोध जताया है। इस हमले में 3 तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है। भारत ने सभी पक्षों से तुरंत हिंसा बंद करने और आम लोगों को निशाना नहीं बनाने की अपील की है। पीएम मोदी ने भी इस घटना को लेकर पोस्ट किया और कहा कि आम लोगों और जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। (पेज-8 भी देखें)

## स्कूटी में विस्फोट, कैंपस की दीवारें हिलीं

# जालंधर में बीएसएफ हेडक्वार्टर के बाहर ब्लास्ट, दो गिरफ्तार

**जालंधर (एजेंसी)।** जालंधर में बीएसएफ हेडक्वार्टर के पास धमाका हुआ। इसकी आवाज करीब एक किलोमीटर दूर तक सुनी गई, जिससे आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। कैंपस की दीवारें भी हिल गईं। जिस एक्टिवा स्कूटी में विस्फोट हुआ, वह कथित तौर पर एक फ्लिपकार्ट डिलीवरी कर्मी की बताई जा रही है। वह शाम करीब 8:15 बजे स्कूटी खड़ी कर बीएसएफ हेडक्वार्टर के अंदर पार्सल देने गया था, इसी दौरान पीछे स्कूटी में विस्फोट हो गया। सूत्रों का कहना है स्कूटी में रखे किसी विस्फोटक के फटने की आशंका है। इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बीएसएफ हेडक्वार्टर के साथ गुरुनानकपुरा जाने वाली सड़क पर स्थित सब्जी मंडी में उस समय लोग खरीदारी कर रहे थे। अचानक तेज आवाज सुनकर लोग सहम गए। जालंधर पुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर ने कहा कि स्कूटी पर दो लड़के आए थे, उन्हें हिरासत में लेकर पुछताछ की जा रही है। जांच एजेंसियां छानबीन कर रही हैं।


दो लड़के पार्सल देने अंदर गए पीछे से हुआ धमाका, जांच जारी

### कर्ज से परेशान पाक फिर बेचने लगा शराब

**इस्लामाबाद।** कर्ज से जूझ रहे पाकिस्तान ने 50 साल बाद फिर से दूसरे देशों को शराब बेचना शुरू कर दिया है। देश की इकलौती लोकल कंपनी मरी ब्रूअरी ने अप्रैल 2026 में ब्रिटेन, जापान, पुर्तगाल और थाईलैंड जैसे देशों को बीयर और अन्य अल्कोहलिक ड्रिंक्स एक्सपोर्ट की हैं। कंपनी के एक्सपोर्ट मैनेजर रमीज शाह के मुताबिक, अभी शुरुआत में विदेशों में नेटवर्क बनाया जा रहा है और आगे चलकर प्रोडक्शन बढ़ाने की योजना है। पाकिस्तान में मुस्लिम आबादी के लिए करीब 50 साल पहले इस्लामिक नियमों का हवाला देकर शराब पर बैन लगाया गया था। इसके बाद शराब का एक्सपोर्ट भी बंद हो गया था। हालांकि, पाकिस्तान में गैर-मुस्लिमों के लिए कुछ छूट थी।

## 198 यात्रियों को नीचे उतारा

# इंडिगो फ्लाइट में पावर बैंक में ब्लास्ट, मची अफरा-तफरी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हैदराबाद से चंडीगढ़ आ रही इंडिगो फ्लाइट 6ई 108 में मंगलवार को पावर बैंक में ब्लास्ट हो गया। इससे एक यात्री घायल हो गया। पावर बैंक एक यात्री के बैग में रखा था। घटना उस समय हुई, जब फ्लाइट एयरपोर्ट पर खड़ी थी। हादसे के बाद फ्लाइट में धुआं भर गया, जिससे यात्री घबरा गए। यात्रियों को वहां से निकाला गया। कुछ फोटो भी लोगों ने शेयर किए हैं। जिसमें एक महिला को एंबुलेंस में रखा गया था। क्रू मेंबर्स ने तुरंत फायर सेफ्टी उपकरणों का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाया। अभी तक यह साफ नहीं हुआ के पावर बैंक ब्लास्ट कैसे हुआ। पुलिस और एयरपोर्ट अथारिटी की टीमें जांच कर रही है। इंडिगो की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तुरंत विमान खाली कराया गया और संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचना दी गई।


घटना के समय एयरपोर्ट पर खड़ी थी फ्लाइट

**सुपर एंट्री** विपक्षी दलों ने विजय पर तंज कसने में नहीं छोड़ी थी कोई कसर

# पार्टी संगठन नहीं फैन क्लब बना थलापति की राजनीतिक ताकत

सेंट्रल डेस्क ▶▶| रोहतक

वह एक छोटा लड़का है, डीएमके नेता आर. एस. राजकन्नप्पन ने विजय की राजनीति में एंट्री पर कहा था। टीवीके (तमिलगा वेत्री कड़गम) स्कूल के बच्चों की तरह राजनीति कर रही है। विजय ऐसे व्यवहार कर रहे हैं जैसे वे किसी फिल्म की शूटिंग में हों। अभिनेत्रियों के साथ नाचते हुए और उनकी कमर पकड़ते हुए और फिर राजनीतिक बयान देते हैं, भाजपा नेता के. अन्नामलाई ने उनके और उनकी पार्टी के बारे में कहा था। और तमिलनाडु भाजपा प्रमुख नैनार नागेंद्रन के बोल तो और भी तीखे थे ये एक भी सीट नहीं जीत पाएंगे। जब ये आकलन गलत साबित होते हैं, तो ऐसी टिप्पणियां बेहद नाटकीय लगती हैं। अब तमिल सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक विजय, जिन्हें उनके प्रशंसक थलापति के नाम से जानते हैं और जो अपनी फिल्मों को पूरे राज्य का इवेंट बना देने की क्षमता रखते हैं तमिलनाडु के तमाम दिग्गजों को धूल चटा चुके हैं। अब वह ऐसे फिल्म स्टार हैं, जिसके पास भीड़, प्रशंसक और शोर के साथ एक बड़ा राजनीतिक करियर भी है। विजय ने खुद जिन दो सीटों पर चुनाव लड़ा, वे जीत लीं। पेरंबूर में लगभग 54,000 वोटों से और तिरुचिरापल्ली (पूर्व) में 27,000 से अधिक वोटों से विजय हासिल की। और उनकी पार्टी टीवीके ने 108 सीटें जीतीं। यह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी (हालांकि तमिलनाडु विधानसभा में बहुमत से थोड़ा पीछे रही)। और उनकी जीत उन इलाकों से आई, जिन्हें पुराने दल अपनी पक्की जमीन मानते थे।



### तो इन जीतों की वजह क्या रही?

टीवीके तमिलनाडु में किसी एंटी-द्रविड़ियन पार्टी के रूप में नहीं आई। उसने वही भाषा बोली जिसे राज्य पहले से समझता था। तमिल गौरव, सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, राज्य के अधिकार, कल्याणकारी नीतियां, दिल्ली के प्रति संदेह और गरीबों को शोषणकारी ताकतों से बचाने की बात। इससे विजय को वह राजनीतिक स्पेस मिला जो एआईएडीएमके या भारतीय जनता पार्टी के पास नहीं था। एक और अहम पहलू था मतदाताओं की उम्र। विजय ने पहली बार वोट देने वालों, जेनरेशन जी, छात्रों, युवा कामगारों, बेरोजगार ग्रेजुएट्स, डिप्लोमा और आईटीआई धारकों और युवा परिवारों से सीधे बात की। वादे घरेलू स्तर के और आसानी से याद रखने योग्य थे। 2,500 रुपये प्रति माह, साल में छह एलपीजी सिलेंडर, शादी सहायता, मातृत्व सहायता, स्वयं सहायता समूह लोन, महिलाओं की सुरक्षा टीमें, पैनिक बटन, फास्ट-ट्रैक अदालतें, बेहतर रोशनी और सीसीटीवी।



## सीएम नायब सैनी ने कुवि में सेमिनार व प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

# नारी सशक्तिकरण से ही साकार होगा विकसित भारत का सपना

- महिला सशक्त होगी तो राष्ट्र बुलंदियों को छुएगा
- शोधार्थियों व अंतरराष्ट्रीय छात्राओं के लिए 300 क्षमता का महिला हॉस्टल बनेगा
- नारी, किसान, युवा और गरीब चारों स्तंभों के सशक्तिकरण पर सरकार का फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में "सशक्त नारी, सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्र" विषय पर आयोजित सेमिनार एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नारी के विकास से ही विकसित भारत-2047 का सपना साकार होगा। जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी राष्ट्र नई ऊंचाइयों को छुएगा। सीएम ने कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक महत्ता का उल्लेख करते हुए भगवान श्रीकृष्ण द्वारा महाभारत काल में अर्जुन को दिए गए गीता उपदेश का संदर्भ दिया। महाभारत केवल सत्ता का युद्ध नहीं था, बल्कि अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक था। नारी के अपमान ने समाज को यह संदेश दिया कि अधिकारों के हनन पर मौन रहना अधर्म है और आज भी इसी विचारधारा को अपनाने की जरूरत है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और दीप प्रज्वलित कर सेमिनार का शुभारंभ किया। सीएम ने कहा कि नारी, किसान, युवा और गरीब इन चार स्तंभों को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है।



कुरुक्षेत्र। कुवि में सशक्त नारी, सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्र' विषय पर आयोजित सेमिनार का शुभारम्भ करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी।

### 300 शोधार्थियों के लिए बनेगा महिला छात्रावास

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में सशक्त नारी, सशक्त समाज, सशक्त राष्ट्र विषय पर आयोजित सेमिनार में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केयू में लगभग 300 शोधार्थियों एवं अंतरराष्ट्रीय छात्राओं की क्षमता वाले हास्टल का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि यह महिला छात्रावास आधुनिक सुविधाओं से सम्पन्न होगा। इसमें 300 छात्राओं के रहने की व्यवस्था होगी।

### बंगाल में मोदी की नीतियों पर जनता का भरोसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वहां की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर भरोसा जताते हुए कमल खिलाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले कम्युनिस्ट सरकार और बाद में ममता बनर्जी की सरकार ने प्रदेश की जनता का शोषण किया और युवाओं के रोजगार के अवसरों को प्रभावित किया।



### विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में सीएम सैनी ने श्रद्धालुओं को पवित्र यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं और सचखंड श्री हुजूर साहिब के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में उतारने का अवसर है और यात्रियों से गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपनाने का आह्वान किया।

## फायर सर्विस को 400 करोड़ खर्च करके किया जाएगा आधुनिक

### 14 मई को होगी बाढ़ मॉक ड्रिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा की राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि हरियाणा की फायर सर्विस का 400 करोड़ खर्च करके आधुनिकीकरण किया जाएगा। डॉ. मिश्रा यहां सेक्टर-26 स्थित इंस्टीट्यूट फॉर द ब्लाइंड के 54वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद मीडिया से बातचीत कर रही थी। उन्होंने संस्था द्वारा 150 से अधिक दिव्यांग बच्चों, जिनमें बड़ी संख्या में लड़कियां शामिल हैं, को शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने समाज में सहयोगात्मक सोच के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल एक नेक सेवा है बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी भी है। डॉ. सुमिता मिश्रा ने आगामी मानसून और गर्मी के मौसम के लिए राज्य की तैयारियों के साथ-साथ जल्द लागू होने वाले प्रमुख प्रशासनिक सुधारों की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आपदा प्रबंधन की तैयारियों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि हरियाणा 14 मई को 13 संवेदनशील जिलों में राज्य स्तरीय, बहु-चरणीय बाढ़ मॉक ड्रिल आयोजित करेगा। यह अभ्यास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समन्वय से 2026–27 के वार्षिक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश मॉक एक्सरसाइज कैलेंडर के तहत किया जाएगा।

## एनएचएम की ऑनलाइन अवकाश प्रबंधन प्रणाली शुरू

### सिस्टम होगा आसान और पारदर्शी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) की समग्र ऑनलाइन अवकाश प्रबंधन प्रणाली की शुरुआत की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों को अवकाश लेने की प्रक्रिया में आने वाली कठिनाइयों से राहत देना और पूरी व्यवस्था को अधिक सरल व पारदर्शी बनाना है। उन्होंने बताया कि यह प्रणाली एनएचएम कर्मचारियों के लिए अवकाश आवेदन प्रक्रिया को सहज बनाने के लिए विकसित की गई है। इसके माध्यम से कार्य प्रवाह को सुगम बनाया जाएगा, प्रशासनिक बोझ कम होगा और समय पर स्वीकृति सुनिश्चित की जा सकेगी। एनएचएम के प्रवक्ता के अनुसार इस पोर्टल पर कर्मचारी अब कैजुअल लीव, एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी लीव और मैटरनिटी लीव के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही विदेश यात्रा हेतु एनओसी का अनुरोध भी कर सकते हैं। एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी लीव के लिए आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 32 दिनांक 03.02.26 धारा 127 (6) BNS थाना शहर जिला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम – जितेन्द्र कुमार
पिता/पति का नाम पुत्र अरुण कुमार
पता- निवासी हाल किरायेदार शास्त्री नगर रोहतक
उम्र- 37वर्ष
कद-5 फुट 3 इंच ।
हुलिया- रंग गेहुआ, गोल चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, मजबुत शरीर।
पहनावा नीले रंग की जाकेट, नीला रंग जीन्स की पेन्ट पहने हुए है।
दिनांक 03.02.26 को - जितेन्द्र कुमार
पिता/पति का नाम पुत्र अरुण कुमार
पता- निवासी हाल किरायेदार शास्त्री नगर रोहतक
बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 01262-247894

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 126 दिनांक 03.05.26 धारा 127 (6) BNS थाना कलानोर जिला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - राधा
पिता/पति का नाम - W/O सुरजभान
पता- निवासी सैम्पल रोहतक
उम्र- 26 वर्ष
कद-5 फुट ।
हुलिया- रंग सावला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा - कुर्ता सलवार चुनी काला रंग व पैरों में बाटा की चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 03.05.26 को राधा W/O सुरजभान निवास सैम्पल रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबन्धक थाना कलानोर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानोर रोहतक- 9728589202

पीआरडीएच-1084/11/4755/2027/44931/88/6 दि. 05.05.2026


## महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा से समझौता अस्वीकार्य: सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने अंतरराष्ट्रीय पहलवान एवं जुलाना से कांग्रेस विधायक द्वारा उठाए गंभीर मुद्दे पर गहरी चिंता व्यक्त की है। सांसद सैलजा ने कहा कि जिस स्थान और निजी संस्थान पर महिला पहलवानों के शोषण जैसे गंभीर आरोप जुड़े रहे हों, वहीं प्रतियोगिता आयोजित करना बेहद चिंताजनक और असंवेदनशील निर्णय है। यह खिलाड़ियों की सुरक्षा और देश की बेटियों के सम्मान के साथ समझौता है। सांसदने कहा कि विनेश फोगाट द्वारा उठाई गई आवाज पूरे देश की महिला खिलाड़ियों की आवाज है। जब एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को अपनी सुरक्षा पर सवाल उठाने पड़ें, तो यह व्यवस्था की गंभीर विफलता को दर्शाता है। भाजपा सरकार महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा की गारंटी ले।



> विनेश फोगाट द्वारा उठाई गई आवाज पूरे देश की महिला खिलाड़ियों की

### जनता का भरोसा खो चुकी कांग्रेस: बड़ौली

## हर वार्ड में खिलेगा कमल, बनेंगे रिकॉर्ड

**चंडीगढ़।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने झज्जर में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मानसिक रूप से बीमार हो चुकी है और अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति केवल दूसरों पर दोष मढ़ने तक सीमित रह गई है और जनता ने भी कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जो थोड़े बहुत लोग भी कांग्रेस के साथ हैं वे भी कांग्रेस से किनारा कर लेंगे। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में हर वार्ड में कमल खिलेगा और कई रिकॉर्ड भी बनेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने मंगलवार को झज्जर नगर परिषद के वार्ड नंबर 13 में हो रहे उपचुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी सुधांशु शर्मा के समर्थन में लोगों से सीधा संवाद किया और भाजपा के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। इस दौरान मोहन लाल बड़ौली प्रत्याशी सुधांशु शर्मा के कार्यालय पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। जनता का जो उत्साह और समर्थन भाजपा के प्रति दिखाई दे रहा है।



### निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी सक्रिय

## जनहित और विकास को प्राथमिकता

**चंडीगढ़।** नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस नेतृत्व ने हरियाणा में पार्टी मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने पंचकूला में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया तथा बाद में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने स्थानीय नागरिकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी नगर निकायों में पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी प्रशासन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में नगर निकायों की अनदेखी के कारण बुनियादी सुविधाओं जैसे स्वच्छता, पेयजल, सड़कें और सीवरेज की स्थिति प्रभावित हुई है। कांग्रेस इन सभी मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए ठोस योजनाओं के साथ जनता के बीच है।



## मानवाधिकार आयोग ने मांगी झज्जर अस्पतालों पर रिपोर्ट

- संदिग्ध रेफरल और एंबुलेंस सेवाओं की अनियमितताओं पर आयोग सख्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने जिला झज्जर के सरकारी अस्पतालों में कथित अनियमितताओं और लापरवाही से जुड़े गंभीर मामले पर संज्ञान लेते हुए राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। आयोग के संज्ञान में आया है कि उपलब्ध चिकित्सा विशेषज्ञताओं के बावजूद जिला अस्पताल, झज्जर तथा उप-मंडल अस्पताल, बहादुरगढ़ से बड़ी संख्या में मरीजों को संदिग्ध परिस्थितियों में निजी अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, एम्बुलेंस सेवाओं की स्थिति भी अत्यंत चिंताजनक पाई है, जहां अधिकांश वाहन गैर-कार्यशील हैं और उनके पास वैध फिटनेस प्रमाणपत्र भी नहीं हैं। न्यायमूर्ति ललित बत्रा के समक्ष प्रस्तुत शिकायत में उप-मंडल अस्पताल, बेरी की स्थिति को भी गंभीर बताया गया है, जहां आवश्यक चिकित्सा उपकरणों, दवाइयों एवं बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। साथ ही, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, बेरी की कथित लंबी अनुपस्थिति तथा जनशिकायतों के प्रति उदासीनता जैसे मुद्दे भी उठाए गए हैं।


## उद्यान विभाग, हरियाणा

**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनिमपुर (झज्जर)-124105**
**ई-मेल: Coemunimpur@gmail.com**

(शुद्धिपत्र- -1)

**फूल व सब्जियों के बीज की खरीद हेतु मोहरबंद कुटेशन आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर हाईटेक ग्रीनहाउस में फूल व सब्जियों की पौध तैयार की जानी है जिसके लिए बीज की खरीद की जानी है जिसके लिए केन्द्र पर खुले बाजार से मोहरबंद कुटेशन आमंत्रित की जाती है।
खरीदे जाने वाले बीज का विवरण निम्न प्रकार से है।

| Sr. No. | Crop | Specification | Variety | Quantity of seeds required | Rate per seed. | Total Amount (including all charges) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Marigold | Type-African Colour-Orange | Tennis Ball Orange/KSP-1779 | 1,50,000 | | |
| 02 | Marigold | Type- African Colour-Yellow | Tennis Ball Plus/SRI Yellow/ Kavya-1780 | 50,000 | | |
| 03 | Tomato | Hybrid | Pari/Pragati 2853, Saaho | 30,000 | | |
| 04 | Chilli | Hybrid | US 917/Antara | 30,000 | | |
| 05 | Brinjal | Hybrid | Kiran/VNR-212 | 20,000 | | |
| 06 | Cauliflower | Hybrid | KSP 1917 Gravity/CFL-1522 | 40,000 | | |
| 07 | Bottle Gourd | Hybrid | KSP 1500/ Vachan-1830 | 20,000 | | |
| 08 | Sponge gourd | Hybrid | Sagar/Sitara | 20,000 | | |
| 09 | Ridge Gourd | Hybrid | KSP 1501 ANU/ Damini long | 15,000 | | |
| 10 | Pumpkin | Hybrid | BSS 750 | 5,000 | | |
| | | | Indrajeet/Lusia-1296 | | | |
| 11 | Summer Squash | Hybrid | Round Ball/Shobha | 5,000 | | |
| 12 | Bitter gourd Total | Hybrid | KSP 1865/Deva | 15,000 4,00,000 | | |

1. इच्छुक फर्म अपनी मोहरबंद कुटेशन अपनी फर्म के लेटर हैड पर दिनांक 12.05.2026 तक सांय 02:00 बजे तक कार्यालय में दस्ती तौर/पोस्ट/कुरियर के माध्यम से जमा करवा सकती है।
2. कुटेशनों का आकलन कमेटी द्वारा किया जाएगा। अतः सबसे कम कुल कीमत वाली कुटेशन को स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशनों को स्वीकृत/अस्वीकृत करने के सभी अधिकार केंद्र की आकलन कमेटी के पास होंगे।
3. बोलीदाता के पास बीज बिक्री हेतु Seed Licence होना चाहिए तथा Seed Licence की प्रति कुटेशन के साथ सलंग्न करनी है।
4. इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए डॉ. हेमन्त (Mob no.8683801977) से संपर्क कर सकते हैं।

हस्ता/-परियोजना अधिकारी कम विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1089/2027/44932/88/6 दि. 05.05.2026


## हाईकोर्ट को जल्द मिल सकते हैं 10 नए जज, कॉलेजियम ने दी मंजूरी

### हरियाणा के एडवोकेट जनरल परविंदर चौहान का भी नाम

- लंबित मामलों के दबाव के बीच न्यायिक व्यवस्था को मिलेगा सहारा
- हाईकोर्ट में 85 स्वीकृत पदों के मुकाबले अभी केवल 58 जज कार्यरत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हाईकोर्ट में लंबित मामलों के बढ़ते दबाव के बीच न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने बड़ा फैसला लिया है। 4 मई 2026 को आयोजित बैठक में कॉलेजियम ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के लिए कुल 10 वकीलों के नाम न्यायाधीश पद पर नियुक्ति हेतु स्वीकृत किए हैं। कॉलेजियम ने जिन वकीलों के नाम हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में अनुमोदित किए हैं, उनमें हरियाणा के एडवोकेट जनरल प्रविंद्र सिंह चौहान, राजेश गौर, मिंदरजीत यादव, मोनिका छिब्बर शर्मा, हरमीत सिंह देओल, पूजा चोपड़ा, सुनीश बिंदलिश, नवदीप सिंह, दिव्या शर्मा और रविंदर मलिक शामिल हैं। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट लंबे समय से जजों की कमी और बढ़ते लंबित मामलों की चुनौती से जूझ रहा है। न्यायिक पदों पर नई नियुक्तियों से न केवल अदालत की कार्यक्षमता बढ़ेगी, बल्कि आम नागरिकों को न्याय मिलने की प्रक्रिया भी अपेक्षाकृत तेज हो सकेगी। जानकारों के अनुसार, कॉलेजियम की मंजूरी के बाद अब इन नामों को केंद्र सरकार के पास औपचारिक नियुक्ति प्रक्रिया के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की स्वीकृति और अधिसूचना जारी होने के बाद ये नियुक्तियां प्रभावी होंगी। हाई कोर्ट में जो के कुल 85 पद स्वीकृत है जबकि इस समय केवल 58 जज कार्यरत है।


## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ई–निविदा प्रणाली द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा का तरीका | E-Tender (One Packet) |
| निविदा सूचना संख्या | 128-W/Dy. CE/C/UMB/2026-27 |
| कार्य का नाम एवं स्थान | उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, अम्बाला छावनी के अधीन "अंबाला डिवीजन के जेएचएल–एचएसआर खंड पर बहादुर सिंह वाला रेलवे स्टेशन और जमालपुर शेखा रेलवे स्टेशन पर दूसरे लूप का प्रावधान। |
| अनुमानित/निदेषात्मक परियोजना लागत | रुपये 709.78 लाख |
| कार्य निष्पादन की अवधि | 12 (बारह) माह |
| जमा की जाने वाली जमानती राशि | रुपये 14,19,600.00 |
| ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 15:00 बजे दिनांक 05.05.2026 से 26.05.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि/समय | 26.05.2026 को 15:00 बजे तक, निविदाकर्ता द्वारा 12.05.2026 से 26.05.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15:00 बजे दिनांक 26.05.2026 को खोली जाएगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

टेन्डर नोटिस सं. :- 126-डब्ल्यू/उप.मु.अभि./नि./अ.छा./2026-27, दिनांक: 04.05.2026

1484/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## डिमांड नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनैंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, **डिमांड नोटिस की तिथि** के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

| कर्जदार(ों)/गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री बिरजेश कुमार मिस. प्रीति (प्रोस्पेक्ट नं. IL10811971) | 09-अप्रैल-2026, रु. 1274423/- (रुपये बारह लाख चोहत्तर हजार चार सौ तेईस केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- गांव कैमला तहसील घरौंडा, जिला करनाल-132114 में स्थित खेवट नं. 372, खतौनी नं. 493, रेक्ट. नं. 27 किल्ला नं. 17/2/2(0-9), और अन्य खेवट नं. 489, किते 5 में निहित। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring , सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1494 |
| श्री माम राज, श्रीमती मंदीप कौर, कालिया ट्रांसपोर्ट कम्पनी (प्रोस्पेक्ट नं. IL11135803) | 15/04/2026, रु. 4154932/- (रुपये इकतालीस लाख चव्वन हजार नौ सौ बत्तीस केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- गांव पट्टी गदर, मायापुरी कॉलोनी, तहसील व जिला कैथल, हरियाणा-136027 में स्थित सम्पत्ति आईडी 3LW137B4, प्लॉट नं. 120, खेवट नं. 302, किते 28 (188-3) का भाग। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Built_Up_Area , सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1800 |
| श्री चैन सिंह श्रीमती सुरेखा बरागी आटो सेंटर (प्रोस्पेक्ट नं. IL10446169) | 09-अप्रैल-2026, रु. 2096186/- (रुपये बीस लाख छियानवे हजार एक सौ छियासी केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- पंजु कलां, तहसील सफीदों व जिला जीन्द-126112 में स्थित खेवट नं. 245 मिन, खाता नं. 274-276, किते 12 में निहित और खेवट नं. 245 मिन, खाता नं. 274, किते 05 में निहित। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring , सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1485 |
| श्री तरसेम शर्मा, श्रीमती नेहा शर्मा, बालाजी जनरल स्टोर एंड क्लॉथ हाउस स्टेचिंग (प्रोस्पेक्ट नं. IL10662407) | 09-अप्रैल-2026, रु. 1645666/- (रुपये सोलह लाख पैंतालीस हजार छह सौ छियासठ केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- एमसी सीमाओं, कैथल, हरियाणा-136027 के अंदर प्लॉट नं. 60 वाका पट्टी, गदर। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1129 |
| श्रीमती रिंकी देवी श्री अब्दुल टाइल वर्क्स (प्रोस्पेक्ट नं. IL10920819) | 09-अप्रैल-2026, रु. 1319012/- (रुपये तेरह लाख उन्नीस हजार बारह केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- नगर निगम यमुनानगर-जगाधरी 135001 की सीमाओं के अंदर मौजा चांदपुर, मोसुमा गांधी नगर, यमुनानगर में स्थित सम्पत्ति आईडी नं. 1k4ru9a9 वाला मकान। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 540 |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से **शाखा कार्यालय : करनाल - एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा** 132001 / 1176/3, प्रथम तल, नवल सिनेमा के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत-132103 अथवा **कॉर्पोरेट कार्यालय** : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 06.05.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.



## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/BSO/696

हमकि रविदत्त – रमेश कुमार पुत्रान मांगेराम पुत्र तोखराम, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव देवरखाना, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2024–25 व इंतकाल न0 2015 तकसीम, के अनुसार अराजी खेवट न0 114 मिन/102, खाता न0 118 मिन, मु0 न0 28, किला न0 14/2/1(0–16), 15/1(1–4), किते 2, तादादी रकबा 2 कनाल 0 मरला (0.25 एकड़) सालम भाग, (जिसमें रविदत्त – रमेश कुमार हर दो समभाग) वाका रकबा मौजा देवरखाना, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 2 कनाल 0 मरला (0.25 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 05.05.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


## चुनाव पर डिजिटल नजर: पोल डैशबोर्ड से हर गतिविधि होगी ट्रैक

**चंडीगढ़।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चुनावों की सटीक, पारदर्शी और समयबद्ध निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'पोल-डैशबोर्ड' पोर्टल एवं संबंधित मोबाइल एप्लिकेशन के प्रभावी उपयोग पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसी कड़ी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न जिलों के रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी जुड़े। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव गौरव कुमार ने आवश्यक दिशा-निर्देश साझा किए। उन्होंने चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी पोल-डैशबोर्ड पोर्टल पर अपने-अपने मतदान केंद्रों से जुड़ी आवश्यक जानकारी समय रहते पूर्ण रूप से अपडेट करें। पोल-डैशबोर्ड पोर्टल चुनाव पूर्व एवं मतदान दिवस की गतिविधियों, जैसे पोलिंग पार्टियों की रवानगी, मतदान केंद्रों तक उनकी पहुंच, मॉक पोल, मतदान आरंभ होने का समय तथा समय-समय पर मतदान प्रतिशत की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक के दौरान यह भी साझा किया गया कि मतदान दिवस पर सभी गतिविधियों की अपडेटिंग समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाए।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर स्टेराइल कनेक्टिंग डिवाइस की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 05.05.2026 19.05.2026 | रु.2,25,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर रेफ्रीजरेटेड (क्रायोप्रिसिपीटेट) वाटर बाथ की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 05.05.2026 19.05.2026 | रु.22,50,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | ग्रुप-बी औषधियों के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न हस्पतालों को औषधियों की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध के लिए ऑनलाइन निविदा (37 मदों के लिए)। | 01.05.2026 22.05.2026 | रु.33,47,14,000/- | www.hmscl.org.in | 0172-478822 hmscltenders@gmail.com |
| 4 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | ग्रुप-बी औषधियों के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न हस्पतालों को औषधियों की आपूर्ति हेतु दर अनुबंध के लिए ऑनलाइन निविदा (36 मदों के लिए)। | 01.05.2026 22.05.2026 | रु.48,00,41,000/- | www.hmscl.org.in | 0172-478822 hmscltenders@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in संवाद-13/2027/100/44937/I/88/6 दि. 05.05.26

## खबर संक्षेप

### एक हजार की रिश्वत लेते सहायक लाइनमैन काबू



**सोनीपत।** औद्योगिक क्षेत्र में तैनात एक सहायक लाइनमैन जयबीर सिंह को एंटी करप्शन ब्यूरो ने एक हजार रुपये की रिश्वत के साथ कालूपुर चुंगी क्षेत्र से रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जांच में यह भी सामने आया कि वह इससे पहले दो हजार रुपये ले चुका था। दहिया कॉलोनी में चारा काटने की दुकान संचालित करने वाले ने एसीबी को दी शिकायत में बताया कि बकाया बिजली बिल का हवाला देकर उसकी दुकान का मीटर हटा दिया गया था। नया मीटर लगवाने के लिए संपर्क करने पर संबंधित कर्मचारी ने पांच हजार रुपये की मांग की। बाद में सौदा तीन हजार रुपये में तय हुआ और शिकायतकर्ता से दो हजार रुपये पहले ही ले लिए गए थे।

### एनसीईआरटी की नकली किताबें बेचता दुकानदार पकड़ा

**महेंद्रगढ़।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रेवाड़ी एसआई सुरेंद्र सिंह की अगुवाई में एनसीईआरटी के उपप्रकाश सहायक मनोज कुमार, यूडीसी एनसीईआरटी दिल्ली नीलम कुंज व नारनौल की संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार को शहर में छापेमारी की गई। देवीलाल पार्क के पास बालाजी बुक डिपो पर निरीक्षण किया गया। यहां दुकान पर गांव जाटवास निवासी बलजीत मिला। यहां एनसीईआरटी की कक्षा नौवीं, दसवीं, 11वीं व 12वीं की विभिन्न विषयों की कुल 73 किताबें नकली पाई गईं, जिन पर एनसीईआरटी का वॉटरमार्क नहीं था। उपरोक्त बुक डिपो संचालक के खिलाफ कानूनी करवाई शुरू कर दी है।

### बोर्ड परीक्षाओं में यूएमसी केसों की सुनवाई 7 को

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा 21 अप्रैल से एक मई तक संचालित करवाई सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) द्वितीय वार्षिक परीक्षा अप्रैल-2026 में जिन परीक्षार्थियों के अनुचित साधन संबंधी केस (यूएमसी) दर्ज हुए थे, ऐसे परीक्षार्थियों को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए बोर्ड मुख्यालय भिवानी पर 7 मई को सुबह साढ़े नौ बजे बुलाया गया है।

# नहर में झुके पेड़ की टहनी पकड़कर 10 घंटे पानी में चिल्लाता रहा नौ साल का मासूम, पैरोल पर आए युवक ने बचाई जान

### रविवार रात नौ बजे पिता ने दो बेटों को नहर में फेंककर खुद भी लगा दी थी छलांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मारने वाले से बड़ा बचाने वाला होता है। यह बात उस अपराध की दास्तां पर सही प्रतीत हुई जिसमें रविवार रात सिविल इंजीनियर भगवत दयाल ने अपने दो बेटों को आगरा नहर में फेंककर खुद भी छलांग लगा दी थी। नहर के तेज बहाव में भी किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। नौ वर्षीय बड़ा बेटा सम्राट करीब पांच किलोमीटर तक नहर में बहता चला गया और इसी दौरान उसके हाथ में नहर किनारे झुकी हुई एक टहनी लग गई। उसने किसी तरह उसे पकड़ लिया। सम्राट की मजबूत इच्छाशक्ति रही कि रात भर उसी टहनी के सहारे वह पानी में रहा। करीब दस घंटे बाद सुबह करीब सात बजे वहां से गुजर रहे एक युवक और उसके साथी ने उसे देखा और पानी में कूदकर बाहर निकाल लिया। हर कोई हैरत में रह गया कि कैसे एक मासूम बच्चा पानी में रातभर केवल एक टहनी को पकड़कर जीवित रहा।

> सॉफ्टवेयर इंजीनियर पिता भगवत दयाल और छोटे भाई की नहर में की जा रही तलाश

#### पानी से पूरा शरीर सफेद पड़ा

पानी में रहने की वजह से बच्चे का पूरा शरीर सफेद पड़ चुका था। युवक उसे तुरंत अपने घर ले गया और गर्म कपड़ों में लपेटकर चाय बिस्किट दिए। इसके बाद परिजनों और पुलिस को सूचित किया गया। बच्चे को बचाने वाला युवक राजेंद्र (23) कुछ दिन पहले ही जेल से पैरोल पर बाहर आया था। वहीं, नहर में कूदने वाले उसके पिता व छोटे भाई की अभी तलाश की जा रही है।



#### सुबह 7 बजे नहर पर घूमने निकला था राजेंद्र



राजेंद्र ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ सोमवार सुबह 7 बजे नहर के पास घूमने आया था। इसी दौरान उनको बचाओ-बचाओ की आवाज सुनाई दी। तभी उन्होंने देखा कि एक बच्चा नहर में टहनी को पकड़े हुए हैं। उन्होंने नहर में छलांग लगा दी और उसे बाहर निकाल लिया। उन्होंने घर ले जाकर बच्चे के कपड़े बदले और उसको गर्म कंबल में लपेट दिया। परिवार ने बच्चे को ठंड से बचाने के लिए चाय पिलाई और बिस्किट खिलाए।

#### पापा घूमाने ले गए थे, नहर में फेंका

राजेंद्र ने बताया कि जब बच्चा सामान्य हो गया तो उससे घटना के बारे में पूछा। बच्चे ने बताया कि पापा उन्हें घूमाने लेकर गए थे, लेकिन नहर में फेंक दिया। बच्चे ने अपनी मम्मी का नंबर बताया। इसके बाद परिवार और पुलिस गांव मांदकौल आए और बच्चे को लेकर गए। अभी तक पिता व छोटे बेटे की तलाश की जा रही है। डीग-फतेहपुर बिल्लोच पुल के पास आगरा नहर में बच्चों को फेंका गया था। अब कई किमी तक तलाश जारी है।

### चार बच्चों व पत्नी की हत्या का आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** पत्नी व चार बच्चों की हत्या कर आत्महत्या का प्रयास करने के आरोपी निजाम को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बताया कि पत्नी व बच्चों को कोल्ड ड्रिंक में कीटनाशक मिलाकर व गला दबाकर उनकी हत्या की थी। उसने बताया कि वह सैलून पर काम करता है और नशा करने का आदी है। वह पैसे की तंगी से जूझ रहा था, जिसके चलते घर में क्लेश होता था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि दो मई को भी पत्नी के साथ झगड़ा हुआ था, जिसके चलते उसने उनकी हत्या कर दी व इसके बाद खुद की भी नस काट ली, लेकिन वह बच गया।

### उकलाना में दो गुटों के बीच मारपीट व फायरिंग से दहशत

# रंजिश में युवकों ने घेरा तो भाजपा नेता ने की फायरिंग, 1 की मौत व 6 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार/उकलाना

उकलाना में एसबीआई बैंक के पास सोमवार देर रात दो पक्षों में हुए विवाद में भाजपा नेता ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से सात युवकों पर फायरिंग कर दी, जिसमें एक की जान चली गई और छह घायल हैं। घायलों को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज तथा एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। झगड़े में भाजपा कार्यकर्ता प्रदीप भी घायल हुआ है। प्रदीप का कहना है कि उसने बचाव में गोली चलाई, नहीं तो वे मुझे मार देते। मृतक युवक की पहचान गांव भाणा के 24 वर्षीय शुभम के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी भाजपा कार्यकर्ता प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया है। अस्पताल में उपचाराधीन घायल मुकेश उर्फ मुक्की निवासी सदलपुर ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया कि वह अपने दोस्तों शुभम, विवेक उर्फ जतिन गांव भाणा, सुग्रीव गांव सदलपुर, पवन गांव बड़ोपल, सोनू गांव बांडाहेड़ी और मोनू गांव सदलपुर के साथ गाड़ी में सवार होकर दोस्त दीपक उर्फ बेदी से मिलने के लिए गांव बुड़ाखेड़ा गए थे। वे सभी साढ़े दस बजे उकलाना मंडी में मौजूद थे। इस दौरान दीपक ने उन्हें बताया कि प्रदीप सोनी उसे तंग करता है और वह अभी एसबीआई बैंक के पास एक दुकान पर सामान लेने गया है। घायल का दावा है कि दुकान पर प्रदीप सोनी के साथ उनकी बातचीत हुई और फिर विवाद होने लगा। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर प्रदीप ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से उन पर फायरिंग कर दी। जिसमें शुभम की मौत हो गई। उसके दोस्त विवेक उर्फ जतिन, सोनू, मोनू, सुग्रीव व पवन को भी गोलियां लगी हैं। जतिन व सोनू की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि बुढ़ाखेड़ा निवासी दीपक उर्फ बेदी और उकलाना मंडी निवासी प्रदीप सोनी के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। सोमवार रात्रि को दीपक ने अपने दोस्तों को साथ लेकर प्रदीप को घेर लिया और उस पर हमला भी किया। इसी दौरान प्रदीप ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर निकाली और फायरिंग कर दी।


प्रदीप सोनी

> हमले में आरोपी भाजपा नेता प्रदीप सोनी भी घायल , पुलिस ने किया गिरफ्तार, दोस्त के झगड़े में आए थे युवक

### घरेलू कलह में पत्नी की गला दबाकर की हत्या

**यमुनानगर।** गांव शादीपुर में एक व्यक्ति ने घरेलू कलह के चलते अपनी पत्नी की गला दबा कर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर निवासी 35 वर्षीय नीलम अपने पति संतोष यादव व दो बच्चों के साथ शादीपुर में किराये के मकान में रहती थी। संतोष यादव प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था। बताया जा रहा है कि नीलम का सोमवार रात संतोष के साथझगड़ा हो गया था। इस दौरान आरोपी ने गला दबा कर नीलम की हत्या कर दी। इसके बाद संतोष ने पुलिस को फोन कर घटना की सूचना दी।

### सरकारी स्कूल के टीचर ने की 5वीं की 2 छात्राओं से छेड़छाड़

**अलेवा।** एक सरकारी स्कूल के अध्यापक पर पांचवीं कक्षा की दो नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा है। अभिभावकों ने केस दर्ज करवाया है। पीड़ित छात्रा के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि स्कूल जाते समय रोते हुए बेटी ने उसकी मां को छेड़खानी की बात बताई। उसने यह बात प्राचार्या को बताई तथा मामले की सूचना पुलिस को दी।

उसके बाद मालूम हुआ कि अध्यापक ने एक दूसरी छात्रा के साथ भी छेड़छाड़ की है। अलेवा थाना प्रभारी आत्मा राम ने बताया कि जिले के एक सरकारी स्कूल के अध्यापक द्वारा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने की शिकायत बच्चों के अभिभावकों ने पुलिस को दी है। मामले को लेकर अलेवा थाना प्रभारी आत्मा राम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जिले के एक सरकारी स्कूल के अध्यापक द्वारा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने की शिकायत बच्चों के अभिभावकों ने पुलिस को दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाला

# बलवंत सुसाइड केस में तीन अफसरों पर केस

- लेखा अधिकारी ने सचिवालय से कूदकर की थी आत्महत्या
- घोटाले में एक आरोपी पहले से जेल में बंद, बलवंत से भी होनी थी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़



एक दिन पहले हरियाणा सचिवालय की आठवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने के मामले में चंडीगढ़ पुलिस ने उसकी पत्नी की शिकायत पर तीन अफसरों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। चंडीगढ़ की सेक्टर-3 थाना पुलिस ने लेखा अधिकारी बलवंत की पत्नी की शिकायत पर हरियाणा पावर जनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के पूर्व चीफ फाइनेंस ऑफिसर (सीएफओ) अमित दीवान, आशीष गोगिया और राजेश को नामजद किया है। जिन अफसरों को नामजद किया गया है, उनमें यह सभी सेक्टर छह स्थित हरियाणा पावर जनरेशन कारपोरेशन में तैनात हैं। बलवंत की पत्नी ने उसके पति को प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। जांच अधिकारी विवेक शर्मा तीनों के विरुद्ध केस दर्ज करने की पुष्टि की है। अमित दीवान 590 करोड़ के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले में पहले ही जेल में बंद और नौकरी से बर्खास्त किया जा चुका है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार को बलवंत को सीबीआई ने पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन उससे ठीक पहले वे हरियाणा सचिवालय में पहुंचे और उन्होंने आत्महत्या कर ली। उनके भाई राजपाल ने बताया कि अंतिम संस्कार पैतृक गांव मुंडा हेरा, झज्जर में बुधवार को किया जाएगा। उनकी तीन संतानों में दो बेटियां व एक बेटा भी है। बलवंत 2007 में नियुक्त हुए थे। वहीं, बताया जा रहा है कि बलवंत के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है।

## फर्जी शादी करवाने वाले गिरोह का खुलासा, 3 पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस ने फर्जी शादी करवाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनसे पैसे और आभूषण ऐंठने का काम करता था। शहर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने मंगलवार को बताया कि जिले के गांव पंजुआना निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बिजली निगम में ड्राइवर के पद पर कार्यरत है और उसके एक साथी ड्राइवर ने उसे शादी करवाने का झांसा दिया। दो युवकों ने डेढ़ लाख की मांग की। आरोपियों ने पीड़ित को हिसार बुलाकर एक मकान में शिवानी नामक युवती से सगाई करवा दी। सगाई के नाम पर पीड़ित से डेढ़ लाख रुपये नकद और सोने के आभूषण ले लिए गए। इसके बाद भी शादी नहीं करवाई। पीड़ित युवक ने शिकायत की बात कही तो आरोपियों ने अस्थायी तौर पर बिना शादी के युवती को उसके घर पर भेज दिया। शिवानी उसके घर आकर रहने लगी और तीन-चार दिनों के बाद रात को घर से नकदी और सोने के जेवरात लेकर एक अन्य महिला के साथ फरार हो गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हिसार निवासी गोबिंद सिंह, नत्थुराम व अजाब सिंह को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।



### जींद में पशु बाड़े से 435 पेटी अवैध बम व पटाखे बरामद, 2 गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने बड़ी संख्या में अवैध बम व पटाखों सहित दो आरोपित को गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ सफीदों के इंचार्ज राधेश्याम ने बताया कि उनकी टीम बस अड्डा खांडा के पास मौजूद थी। तभी सूचना मिली कि गांव खांडा निवासी रामविलास, बाहरी करनाल निवासी संदीप मिलकर खांडा में श्मशान घाट के पास रामबिलास के पशुओं के बाड़े में अवैध पटाखे बेचने का काम करते हैं। बाड़े की तलाशी लेने पर 435 पेटी बम व पटाखे बरामद हुए। जिनका कुल वजन करने पर तीन हजार 294 किलो पाया गया। यहां मौके पर संदीप भी मिला। पुलिस ने रामविलास व संदीप से जब बम पटाखों को लेकर लाइसेंस मांगा तो वो दिखाने में नाकाम रहे।

### नशा तस्करी में लिप्त आरोपी की 6 मंजिला बिल्डिंग पर चला पुलिस का बुलडोजर

**गुरुग्राम।** अपराधियों के खिलाफ पुलिस का बुलडोजर अभियान लगातार जारी है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि अपराधी सतपाल उर्फ कालू उर्फ चोटी निवासी गांव कन्हई पर अवैध शराब व मादक पदार्थ बेचने सहित सात गंभीर केस दर्ज है। उसने अवैध रूप से लगभग 124 वर्ग गज जमीन पर छह मंजिला मकान में 35 कमरे बनाए हुए थे तथा पीजी का संचालन किया जा रहा था। इस निर्माण के लिए किसी भी विभाग से अनुमति नहीं ली गई थी। पुलिस ने जिला प्रशासन और नगर निगम के साथ समन्वय स्थापित कर इस अवैध इमारत पर तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू की। उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल की यह कार्रवाई 'नशा मुक्त हरियाणा' अभियान का हिस्सा है।



## कैबिनेट के अहम निर्णय : गन्ने की एमआरपी 10 रुपये बढ़ाकर 365 रुपये प्रति क्विंटल किया

# एमएसएमई व एविएशन सेक्टर को बूस्ट देगी मोदी सरकार, 18,100 करोड़ रुपये फंड का हुआ ऐलान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने मंगलवार को एमएसएमई, एयरलाइन और अन्य कंपनियों की कार्यशील पूंजी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए 18,100 करोड़ रुपये के व्यय वाली आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) की घोषणा की। पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न चुनौतियों के बीच यह कदम उठाया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को मंजूरी दी। इससे 2.55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण प्रवाह उपलब्ध होने की उम्मीद है। मंत्रिमंडल के निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 18,100 करोड़ रुपये के व्यय वाली यह योजना पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित विमानन क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) दोनों की मदद करेगी।

■ पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न चुनौतियों के बीच यह कदम उठाया गया



**आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने में मदद मिलेगी:** वैष्णव ने कहा कि यह योजना इन क्षेत्रों को बैंक और वित्तीय संस्थानों से अतिरिक्त कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने में मदद करेगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस योजना से संबंधित कंपनियों को अपनी गतिविधियां जारी रखने, रोजगार सुरक्षित रखने और आपूर्ति श्रृंखला को सुचारू बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### रोजगार बनाए रखने में मदद मिलेगी

सरकार ने कहा कि समय पर नकदी उपलब्ध कराकर यह योजना कारोबार को स्थिर रखने और रोजगार बनाये रखने में मदद करेगी। इससे देश के उत्पादन और आर्थिक गतिविधियों में निरंतरता बनी रहेगी। उल्लेखनीय है कि फरवरी से शुरू हुए पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एमएसएमई और विमानन क्षेत्र पर वित्तीय दबाव काफी बढ़ गया है।

### दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी

केंद्र सरकार ने दो और सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयों को मंजूरी दी। इसमें 3,936 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। इन परियोजनाओं को इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत मंजूरी दी गई है। इनमें गैलियम नाइट्राइड प्रौद्योगिकी पर आधारित देश की पहली वाणिज्यिक मिनी/माइक्रो-एलईडी डिस्प्ले इकाई और एक सेमीकंडक्टर पैकेजिंग इकाई शामिल है।

### वडिनार में बनेगा अत्याधुनिक जहाज मरम्मत केंद्र

केंद्र सरकार ने गुजरात के वडिनार में 1,570 करोड़ रुपये के निवेश से अत्याधुनिक जहाज मरम्मत केंद्र विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इस परियोजना को दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड संयुक्त रूप से लागू करेंगे।

### कपास उत्पादकता बढ़ाने 5,659 करोड़ मंजूर

सरकार ने कपास क्षेत्र में घटती वृद्धि, उत्पादकता और गुणवत्ता संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए 5,659.22 करोड़ रुपये के एक पंचवर्षीय मिशन को मंजूरी दी। यह मिशन कपास क्षेत्र की बाधाओं को दूर करने और उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होगा। नवीनतम अनुमानों के मुताबिक, फसल वर्ष 2025-26 में देश का कपास उत्पादन 170 किलोग्राम की गांठों के हिसाब से 291 लाख गांठ रहा है।

### सरकार ने गन्ने का लाभकारी मूल्य 10 रुपये बढ़ाया

सरकार ने अक्टूबर से शुरू होने वाले 2026-27 सत्र के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 10 रुपये बढ़ाकर 365 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने बताया, ''10.25 प्रतिशत की मूल प्राप्ति (रिकवरी) दर के लिए एफआरपी 365 रुपये प्रति क्विंटल होगा।'' हर 10.25 प्रतिशत से ऊपर रिकवरी में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर, एफआरपी में 3.56 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी होती है।

# यूक्रेन युद्ध के चलते कलपुर्जों का संकट...अब लीज पर 3 मालवाहक हेलीकॉप्टर खरीदेगी वायुसेना

कविता जोशी ⏭ नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच बीते करीब चार साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध का भारत की सामरिक तैयारियों पर भी प्रभाव पड़ा है। हथियारों और सैन्य उपकरणों की मरम्मत और उनके लिए कलपुर्जों की निर्बाध गति से आपूर्ति को बनाए रखने जैसी कुछ परेशानियां साफ तौर पर महसूस की जा रही हैं। इसी क्रम में भारतीय वायुसेना के सामने भी अपने विशालकाय मी-26 हेलीकॉप्टरों को लगातार सेवा में बनाए रखने के लिए कलपुर्जों का संकट खड़ा हो गया है। जिसकी वजह से बल ने तत्काल समाधान के रूप में अब इसी श्रेणी के 3 अल्ट्रा हेवी लिफ्ट हेलीकॉप्टर (यूएचएलएच) लीज पर लेने का निर्णय लिया है। जिसके लिए जानकारी साझा करने के लिए निवेदन (आरएफआई) जारी की गई है। अब सैन्य क्षेत्र की तमाम कंपनियां अपने उत्पादों के साथ इस प्रक्रिया में भाग ले सकेंगी। जिसके बाद अगला चरण रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) का होगा। जिसमें तकनीकी और वित्तीय मामले शामिल रहेंगे और उसके बाद अंत में वायुसेना यह तय करेगी कि कौन सा हेलीकॉप्टर उसके लिए उपयुक्त रहेगा?

■ जारी की गई आरएफआई, तय की गई शर्तों में 20 टन वजन को दी गई खासी अहमियत

### यूक्रेन से आते थे मी-26 के कलपुर्जे

उल्लेखनीय है कि भारत ने 1986 से 1989 के बीच तत्कालीन सोवियत संघ (यूएसएसआर) से 4 मी-26 हेलीकॉप्टरों की खरीद की थी। इनका उपयोग लेह-लद्दाख और सियाचिन जैसे अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाकों में सेना द्वारा भारी भरकम सैन्य सामग्री, बड़े हथियारों, रसद और जवानों की आवाजाही के लिए किया जाता था। इन हेलीकॉप्टरों को दुनिया के सबसे बड़े हेलीकॉप्टरों में से एक माना जाता है।

### शर्तों में शामिल किए गए मुख्य बिंदु

वायुसेना ने आरएफआई में हेलीकॉप्टरों को लेकर कुछ तकनीकी शर्तें भी रखी हैं। साथ ही खरीद की प्रक्रिया को 'डैम्प लीज मॉडल' के तहत पूरा करने पर जोर दिया है। शर्तों में हेलीकॉप्टर का कुल वजन 20 टन और उड़ान के साथ हेलीकॉप्टर की अधिकतम गति 230 किलोमीटर प्रति घंटा होनी ही चाहिए। साथ ही यह अपने साथ भारी भरकम सैन्य साजो-सामान, रसद, हथियार और वाहन ले जाने में सक्षम हो। हेलीकॉप्टर में एक बार में करीब 45 सैनिक आसानी से बैठकर एक स्थान से दूसरे पर जा सकें।

### यह है वायुसेना का डैम्प लीज मॉडल?

आरएफआई में वेंडरों (विक्रेता कंपनियों) को जवाब देने के लिए एक महीने की समयसीमा रखी गई है। एक बार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद यह हेलीकॉप्टर करीब तीन से छह महीने के भीतर कंपनी द्वारा वायुसेना को सौंप दिया जाएगा। आरएफआई में दी गई शर्तों के अलावा वायुसेना ने इस खरीद को डैम्प लीज मॉडल के आधार पर क्रियान्वित करने की योजना बनाई है। जिसके तहत वायुसेना हेलीकॉप्टर को तो बाहर से यानी वेंडर से खरीदेगी। लेकिन उनके इस्तेमाल और मरम्मत की जिम्मेदारी पूरी तरह से उसी की होगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## पश्चिम एशिया में तनाव से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 252 अंक फिसला

**मुंबई।** वैश्विक तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली के दबाव की वजह से गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स में 252 अंक की गिरावट आई जबकि निफ्टी 86 अंक टूटकर बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बढ़ता तनाव और अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष विराम पर दबाव घरेलू बाजार में गिरावट की मुख्य वजह रही। इसके अलावा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे सत्र में 251.61 अंक गिरकर 77,017.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 754.37 अंक लुढ़ककर 76,515.03 के स्तर तक आ गया था। निफ्टी 86.50 अंक यानी 0.36 प्रतिशत टूटकर 24,032.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

# चांदी 1,500 रुपये मजबूत सोना 300 रुपये फिसला



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गयी। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के साथ घरेलू बाजार में चांदी में तेजी आई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,49,500 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये घटकर 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। सोने की कीमत सोमवार को 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को भी सोने पर दबाव बना रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और समग्र व्यापक आर्थिक परिदृश्य पर इसके प्रभावों को लेकर निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।'' गांधी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की नाजुक सुरक्षा स्थिति ने ऊर्जा-जनित मुद्रास्फीति और केंद्रीय बैंकों द्वारा लंबे समय तक सख्त मौद्रिक नीति जारी रहने की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। गांधी ने कहा, ''अब जब यह संघर्ष अपने दसवें सप्ताह में है, तो बदलते व्यापक आर्थिक हालात के जवाब में निवेशक डॉलर और बॉन्ड को तरजीह दे रहे हैं, जबकि वे सोने से दूरी बनाए हुए हैं।

■ चांदी बढ़कर 2.51 लाख रुपए प्रति किलो ग्राम पहुंची

### संघर्ष विराम को लेकर लोगों का भरोसा कमजोर हुआ

ऑगमोंट की शोध प्रमुख, रेनीशा चेनानी ने कहा कि इस क्षेत्र में फिर से भड़की हिंसा ने चार सप्ताह से चल रहे संघर्ष-विराम के प्रयासों को लेकर लोगों का भरोसा कमजोर हुआ है।

## रुपया दो पैसे टूटकर निचले स्तर 95.25 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को दो पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 95.25 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। यह गिरावट खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाए जाने के बाद आई है। इससे आपूर्ति श्रृंखला को लेकर चिंताएं फिर बढ़ गई हैं और निवेशक जोखिम वाली संपत्तियों में निवेश से बच रहे हैं। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, ब्रेंट क्रूड तेल के करीब 110 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बने रहने से भारत जैसे तेल आयातक देशों पर दबाव बना हुआ है। साथ ही, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की लगातार निकासी ने भी बाजार धारणा को कमजोर किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.30 प्रति डॉलर पर खुला।

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## भारत को चाहिए एक मजबूत संस्थागत रूप से सुव्यवस्थित नवाचार इकोसिस्टमः प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को राजधानी के भारत मंडपम में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास (आईआईटी-एम) द्वारा आयोजित किए गए 'प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन-2026' को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने मुख्यरूप से इस बात पर जोर दिया कि देश का नवाचार इकोसिस्टम मजबूत होने के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परस्पर सहयोगात्मक और संस्थागत रूप से सुव्यवस्थित भी होना चाहिए। भारत निर्माण केवल एक उद्देश्य नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय मिशन भी है। 2047 तक वैश्विक आबादी का एक बड़ा हिस्सा खासकर वैश्विक दक्षिण के देश भारतीय विकास मॉडल की ओर देखेंगे। इसी के चलते देश के अनुसंधान और शिक्षा संस्थानों पर अधिक जिम्मेदारी आ जाएगी। आयोजन में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी और मंत्रालय, आईआईटी मद्रास के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## सबसे अधिक स्पैम कॉल में भारत पांचवें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत दुनिया में पांचवें सबसे अधिक स्पैम कॉल प्रभावित देशों में शामिल है। बिक्री और टेलीमार्केटिंग कॉल्स इस समस्या का प्रमुख कारण बनी हुई हैं। कॉल करने वालों की पहचान की सुविधा देने वाले मंच 'ट्रूकॉलर' की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। स्पैम कॉल से सबसे अधिक प्रभावित देशों की वैश्विक सूची में इंडोनेशिया शीर्ष पर है।

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार साहिब साधिकार सहायक कलैक्टर, द्वितीय श्रेणी, जिला सिरसा।**

प्रेम चन्द बनाम मंगलू वगैरा

दरखास्त दुरुस्ती गिरदावरी भूमि तादादी 10 कनाल 17 मरले खेवट न०-57 खतौनी न०-108 मुरब्बा नं०-27 किला न०-9 मिन (0-13) 12/1(5-2) 13/1(5-2) जमाबन्दी वर्ष 2023-24 वाका गांव चत्तरगढ़ पट्टी, तहसील व जिला सिरसा। अज फसल सावनी 2023 ताहाल फैंसला बाहक प्रार्थी हिस्सेदार एवं शाहदत हर किस्म जुबानी व तहरीरी

**नोटिस बजरिया अखबार इश्तहार**

अदालत के आदेशानुसार प्रतिवादी 1. मंगलू पुत्र कालिया पुत्र सुंडा राम, 2. महावीर, 3. जयवीर पुत्रान व, 4. शंकुतला देवी पुत्री भगवान दास पुत्र लालचन्द निवासीगण चत्तरगढ़ पट्टी तहसील व जिला सिरसा को दिनांक 15.05.2026 को समय सुबह 9 बजे न्यायालय में पेश होने की सूचना दी जाती है। अगर दिनांक 15.05.2026 को उपरोक्त प्रतिवादीगण अदालत में पेश नहीं हुए तो उनके खिलाफ एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

हस्ता/- सहायक कलैक्टर, द्वितीय श्रेणी, सिरसा।

**नीलामी सूचना**

शहीद जसबीर सिंह रा.उ. वि. टॉकड़ी (2511) ब्लॉक बावल, जिला रेवाड़ी में जर्जर (कंडम) तीन कमरे, बरामदा व एक हॉल की नीलामी दिनांक 11.05.2026 को प्रातः 11 बजे की जानी है। अतः इच्छुक बोलीदाता किसी भी कार्य दिवस पर कमरों व हॉल का निरीक्षण स्कूल समय प्रातः 8 बजे से 2:30 बजे तक कर सकते हैं। बोली की नियम व शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

हस्ता/- एस.एम.सी. व मुख्याध्यापक
शहीद जसबीर सिंह रा.उ. वि. टॉकड़ी
(2511) ब्लॉक बावल, जिला रेवाड़ी
(मो. नं. +91 80534 47600)

**ई-नीलामी सूचना**

(अग्नि से क्षतिग्रस्त हाइड्रोलिक क्रॉलर एक्सकेवेटर)

आग से क्षतिग्रस्त हाइड्रोलिक क्रॉलर एक्सकेवेटर SANY YOM - 2025 (सर्वेक्षण प्रोपेल इस्ला प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया) की बिक्री के लिए इच्छुक खरीदारों से ई-नीलामी फॉर्म आमंत्रित किए जाते हैं। यह एक्सकेवेटर "जैसा है जहां है" के आधार पर एकमुश्त राशि के आधार पर बेचा जाएगा। यह एक्सकेवेटर श्री गुरदीप पुत्र राज कुमार का है और इसका पता ग्राम मंडी कलां, जिंद, हरियाणा - 126125 है। इसका निरीक्षण 06/05/26 से 12/05/26 के बीच श्री नितिन - 8810331841 से पूर्व नियुक्ति लेकर किया जा सकता है। ई-नीलामी 13/05/26 को आयोजित की जाएगी। ई-नीलामी फॉर्म के लिए, खुशी से मोबाइल नंबर - 9990857386 पर संपर्क करें।

**साल्वर सेटलर्स प्राइवेट लिमिटेड (नीलामीकर्ता)**

पता: 203, द्वितीय तल, उषा किरण बिल्डिंग, आजादपुर वाणिज्यिक परिसर आकाश सिनेमा के पास दिल्ली - 110033 या वेबसाइट से डाउनलोड करें :
www.salvorsettlers.com
ई-नीलामी फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 13/05/26 दोपहर 12:30 बजे से पहले है।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Neelam Jhajharia**
Civil Judge (Junior Division), Jhajjar
**BALWAN SINGH SON OF SUBHACHAND ALIAS SUBHASH CHANDER SON OF JAGRAM ALIAS JAIRAM SON OF TUHIA R/O VILLAGE DUBALDHAN BIDHYA, DISTRICT JHAJJAR**
**Vs.**
**General Public**
**Kamla Devi widow of Jagdish Parsad son of Luxmi Narayan alias Lachhmi Narayan son of Deda**
CNR No. HRJR02-000340-2026
Case No CS/226/2026
Next Date:- 25-05-2026

**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**1. Kamla Devi Wd/o 2. Meera Bai 3. Radha Bai 4. Gaytri Bai 5. Savitri Bai 6. Ganga Bai Ds/o 7. Jamna Bai 8. Santosh Bai 9. Inder Kumar 10. Ashok Kumar 11. Pappu Kumar 12. Girija Kumar Ss/o Jagdish Parshad S/o Luxmi Narayan @ Lachhmi Narayan S/o Deda 13. Dharm Singh 14. Chandu 15. Jainarayan S/o Keshu Ram @ Gabdoo all R/o Village Dubaldhan Bidhyan, District Jhajjar. Also at Village Matanhail, District Jhajjar**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **25.05.2026 at 10:00 a.m.**

Sd/- Neelam Jhajharia Civil Judge (Junior Division), Jhajjar

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. 22, 26, 33-एमएलडीटी-26-27 (सिविल एवं ब्रिज कार्य), दिनांक 30.04.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.:22-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत डीईएमयू मेंटेनेंस शेड, साहिबगंज में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से संबंधित सिविल कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 4,87,94,430.55, **क्रम सं. 2, निविदा सं.:26-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/ब्रिज लाइन/मालदा, पूर्व रेलवे के अधीन मालदा मंडल के मालदा टाउन - न्यू फरक्का खंड के बीच किमी 258/2- 260/5 पर महत्वपूर्ण ब्रिज संख्या 46डी (109 X 18.3 मीटर) के बेयरिंग के प्रतिस्थापन के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 4,69,54,991/-**क्रम सं. 3, निविदा सं.:33-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/ मालदा के अधीन सहायक अभियंता/ लाइन/ जमालपुर के अधिकार क्षेत्र में जमालपुर के क्रू बुकिंग लॉबी और रनिंग रूम के विस्तार और जमालपुर के मौजूदा क्रू बुकिंग लॉबी और रनिंग रूम के नवीनीकरण/संवर्धन के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,27,00,764.13, **निविदा की अंतिम तिथि :** दिनांक 21.05.2026 को 15.30 बजे। (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट: www.ireps.gov.in/ डीआरएम कार्यालय/ एमएलडीटी।**

MLD-33/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**उत्तर रेलवे**

टेंडर नोटिस संख्या:- 61265128A, 61265509

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप-135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:-

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 61265128A | सेंटर लेत हैवी ड्यूटी | 01 नग | 04 जून 2026 |
| 2 | 61265509 | ब्रेक पैनल एस्कॉट्स | 10 नग | 04 जून 2026 |

**निविदा शर्तें:-** 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 1496/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई-ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| S. N. | Lot No. | Description | Auction Start Date Time |
|---|---|---|---|
| 1 | MSS-UMB-SML-THDPK-83-26-1 | शिमला रेलवे स्टेशन पर स्मृति चिन्ह दुकान-सह-यात्रा सहायता केंद्र का संचालन एवं रखरखाव 03 वर्ष की अवधि के लिए (स्थल योजना के अनुसार) | 13.05.2026 12:00:00 hrs. |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1476/26

**उत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अम्बाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है


| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रु.) | बोली प्रतिभूति (रु.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-विद्युत 01/2026-27 (ओपन टेंडर) | मंडी गोविंदगढ़) जीवीजी (स्टेशन पर प्लेटफार्म की सतह में सुधार, आवागमन क्षेत्र का उन्नयन, मुख्य प्रवेश-निकास द्वार, वीडीसी फर्श और यात्रियों के लिए सुविधाओं का विकास, राजपुरा-भटिंडा खंड पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत धुरी रेलवे स्टेशन पर 12 मीटर चौड़े एफओबी) फुटबोर्ड (का प्रावधान, सहारनपुर में रनिंग रूम का विस्तार, खन्ना स्टेशन पर प्लेटफार्म की सतह में सुधार, सर्कुलेटिंग एरिया का उन्नयन और यात्री सुविधाओं में सुधार, अंबाला-कालका खंड पर स्थित ओल्ड रेलवे कॉलोनी, अंबाला कैंट में एम.एल.डी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एमटीपी (और सीवरेज कनेक्टिविटी की व्यवस्था, भवन, जल निकासी व्यवस्था आदि की मरम्मत और व्हील लेथ तथा बीसीएल आरओएच डिपो, अंबाला कैंट के प्रशिक्षण केंद्र के लिए नए कमरों के प्रावधान द्वारा अवसंरचना सुविधाओं में वृद्धि, क्षतिग्रस्त नाम बोर्ड के स्थान पर कलानौर, पिलखनी, मेमू कार शेड, दुखेरी धप्पर, शंभू, अहमदगढ़ और धूरी स्टेशनों के नए स्टेशन नाम बोर्ड का प्रावधान, सहारनपुर, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, चंडीगढ़, कालका, राजपुरा, धुरी, बठिंडा, सरहिंद और नंगलादाम पावर डिपो के तहत सिग्नलिंग प्रणाली के लिए विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एटी पैनल और एटी केबल का प्रावधान, अंबाला डिवीजन में 20000 से अधिक टीवीयू वाले 23 मानवयुक्त गैर-इंटरलॉक गेटों का इंटरलॉकिंग कार्य, आरओएच डिपो, अंबाला कैंट और खलानामपुरा में शॉवर परीक्षण सुविधाओं का प्रावधान। | Rs. 31729052.62 | Rs. 634600.00 | 06 महीने | 29.05.2026 |

1. निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2. आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3. कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4. विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.IREPS.Gov.in** पर लॉग ऑन करें। 5. जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-01/2026-27 दिनांक : 04.05.2026** 1503/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शब्द पहेली - 6217



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

### शब्द पहेली -6216 का हल





**7 से 9 मई तक पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने की संभावना**
बिहार, झारखंड, ओडिशा व पश्चिम बंगाल में बिजली गिरने का खतरा

# देश के कई राज्यों में मौसम बदला: आंधी-तूफान का अलर्ट
# उत्तर प्रदेश व बिहार में आंधी-बिजली से 24 घंटे में 31 मौतें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/लखनऊ/पटना

देश में मई के महीने में गर्मी के बजाय मौसम बदल गया है। दिन में धूप आने के बाद अचानक मौसम सुहावना हो जा रहा है। आंधी, बारिश, ओले और बिजली गिरने की कई घटनाएं सामने आईं। उधर बिहार में आंधी-बारिश और बिजली के कारण 23 और यूपी में 8 लोगों की मौत हो गई। राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में चक्रवात बनने से देश के बड़े हिस्से में मौसम बदल गया है। दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश से लेकर तमिलनाडु तक ट्रफ बनी हुई है, जिससे उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का असर है। पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश, बिहार समेत पूर्वोत्तर के राज्यों में आंधी और तेज बारिश हुई। उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश से 8 लोगों की मौत हो गई। पीलीभीत में ईंट-भट्ठे की 100 फीट ऊंची चिमनी ढह गई। बिहार में 22 जिलों में आंधी-बारिश हुई। बिजली गिरने से 7 बच्चों समेत 23 लोगों की मौत हो गई। 2 महिलाएं झुलस गईं। उत्तराखंड के सभी जिलों में आज बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने राज्य के पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों के लिए चेतावनी जारी की है।

देश के 17 राज्यों में मौसम ने खतरनाक रूप ले लिया है व कई राज्यों में ओलावृष्टि ने फसलों को नुकसान भी पहुंचाया

**राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में पारा गिरा**
**शिमला में तेज बारिश और मंडी-कुफरी में भारी ओलावृष्टि**



## सीएम योगी का सख्त निर्देश 24 घंटे में मिले मुआवजा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर प्रदेश में आंधी, अति वर्षा और आकाशीय बिजली से हुई जनहानि को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखा गया है। सीएम ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों के त्वरित व समुचित इलाज, तथा सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर राहत राशि उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए हैं।

## देश में मौसम विभाग का अलर्ट जारी

मौसम विभाग देश में मौसम संबंधी अलर्ट जारी करने के लिए चार रंगों का उपयोग करता है। ये रंग और इनके संदेश.... ग्रीन (किसी कार्रवाई की जरूरत नहीं), येलो (नजर रखें और निगरानी करते रहें), ऑरेंज (तैयार रहें) और रेड (कार्रवाई/सहायता की जरूरत) हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि के आसार भी जताए हैं।

### अगले एक-दो दिन ऐसी ही स्थिति रहेगी

आईएमडी ने अधिकतम तापमान के 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है और दिन के दौरान बादलों की गरज के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। 'स्काईमेट वेदर' के महेश पलावत ने कहा कि उत्तर भारत में हुई बारिश के कारण अधिकतम तापमान सामान्य से काफी कम रहेगा। अगले एक-दो दिनों तक ऐसी ही स्थिति बने रहने की संभावना है, जिससे तापमान इस मौसम के सामान्य तापमान से कम रहेगा।"

### उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी और बारिश

उत्तराखंड में देहरादून, नैनीताल, हरिद्वार और पहाड़ी जिलों में लगातार बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी है। ऊंचाई वाले इलाकों जैसे केदारनाथ और बद्रीनाथ में बर्फबारी की संभावना है, जिससे तापमान में गिरावट आई है और ठंड बढ़ गई है।हिमाचल प्रदेश में शिमला, मंडी, कुल्लू, कांगड़ा और सोलन जैसे जिलों में लगातार बारिश हो रही है। कई ऊंचे इलाकों में बर्फबारी भी दर्ज की गई है, जिससे पर्यटन और यातायात प्रभावित हुआ है। जम्मू-कश्मीर में भी मौसम खराब बना हुआ है। श्रीनगर, गुलमर्ग, पहलगाम और अन्य पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी का सिलसिला जारी है। इससे तापमान में गिरावट आई है।

### पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश का खतरा

पूर्वोत्तर भारत में मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदला हुआ है और यहां लगातार भारी बारिश का दौर जारी है। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड में 60 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। कई इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए खतरा पैदा हो गया है।

## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 33 से होगी 38

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सुप्रीम कोर्ट के जजों को लेकर बड़ा फैसला किया है। कैबिनेट ने सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की कुल संख्या 33 से बढ़ाकर 38 करने की मंजूरी दे दी है। यह फैसला छह साल बाद लिया गया है, जब 2019 में इसे 31 से बढ़ाकर 33 किया गया था।

### यूपीएससी परिणामों में होगा उपजाति का ब्योरा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना आयोग ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को सुझाव दिया है कि सिविल सेवा परीक्षा की अंतिम सूचियों में उप-जाति संबंधी विवरण शामिल किए जाएं ताकि इस बात का बेहतर ढंग से आकलन हो सके कि आरक्षण नीति के लाभ विभिन्न जाति समूहों में कैसे वितरित किए जाते हैं।

### सबरीमाला केस में सुको ने एनजीओ को फटकारा

**नई दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को उस एनजीओ को कड़ी फटकार लगाई, जिसकी जनहित याचिकापर शीर्ष अदालत ने सबरीमाला मंदिर में सभी आयु की महिलाओं के प्रवेश की अनुमति दी थी। न्यायालय ने एनजीओ 'इंडियन यंग लॉयर्स' की धार्मिक मान्यता और उसकी मंशा पर भी सवाल उठाए।

### बिहार में कैबिनेट विस्तार कल, शाह होंगे शामिल

**पटना।** बिहार की सियासत में बड़ी खुशखबर सामने आई है। सम्राट चौधरी की सरकार बनने के 22 दिन बाद 7 मई को राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में भव्य कैबिनेट विस्तार समारोह आयोजित होगा। प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। वीवीआईपी कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम जा रहे हैं।

### पानी टैंक धराशायी, पांच दबे, 2 इंजीनियर बर्खास्त

**बरेली(उप्र)।** जल जीवन मिशन योजना के तहत सरदार नगर गांव में सात माह पहले बना ओवरहेड टैंक सोमवार को धराशायी हो गया। उसके नीचे पांच लोग दब गए, जिसमें से तीन की हालत गंभीर है। मामले में शासन ने जिम्मेदार इंजीनियरों और कार्यदायी संस्था के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जल निगम ने हैदराबाद की एनसीसी लि. से टैंक बनवाया था, जिसमें 3.62 करोड़ रुपए खर्च हुए। सात महीने पहले इसे हैंडओवर किया गया, जिसके बाद पानी की आपूर्ति शुरू कर दी गई।

## संतुलन बिगड़ने से हादसा, सड़क मार्ग की जगह नदी मार्ग चुना था

# राजस्थान-बांसवाड़ा: नदी में नाव पलटी, 2 लापता, रेस्क्यू जारी

**8 लोग तैरकर बाहर निकले, हादसे के बाद अफरातफरी मची**

*बांसवाड़ा के अरथूना क्षेत्र में माही नदी में नाव के पलटने से 10 में से 8 लोग बच गए, जबकि 8 साल का बच्चा व एक युवक लापता है। सेना और प्रशासन रेस्क्यू अभियान में जुटा है। मंदिर दर्शन के बाद बोटिंग को जा रहे थे।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांसवाड़ा जिले में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा सामने आया, घटना अरथूना क्षेत्र में करीब 3 बजे हुई। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार नाव का संतुलन बिगड़ने के कारण यह हादसा हुआ।

नाव पलटते ही नाविक सहित 8 लोगों ने साहस दिखाते हुए तैरकर जान बचाई और सुरक्षित किनारे तक पहुंच गए। दोपहर 12 बजे नाव पर बैठकर आनंदपुरी-चिखली स्थित हैंगिंग ब्रिज पर फोटो खिंचवाने गए। दोपहर 3 बजे सभी मंदिर की ओर लौट रहे थे। पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि घटना भैंसाउ गांव के पास अरथुना थाना क्षेत्र में हुई। उन्होंने बताया कि हादसे के दौरान नौका में 10–11 लोग सवार थे। अरथुना थाने के प्रभारी विनोद मीणा ने बताया कि आठ से नौ लोग तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए, जबकि जयेश (21) और मानव (8) लापता हो गए। उन्होंने कहा कि स्थानीय गोताखोरों और सिविल डिफेंस टीमों की मदद से तुरंत खोज अभियान शुरू किया गया। पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल रैगर ने बताया कि नाव पूरी तरह डूब चुकी है और अभी तक उसका पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि सभी लोग भानो का पाड़ा गांव के निवासी थे और माही व अनास नदियों के संगम पर स्थित संगमेश्वर महादेव मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। नाव एक स्थानीय व्यक्ति चला रहा था और प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सवार लोगों के पास लाइफ जैकेट नहीं थे।

**नाव में एक तरफ अधिक भार के चलते पानी घुस गया था, तभी हड़बड़ाहट में कई लोग नाव से कूद गए**



**नाव स्थानीय व्यक्ति चला रहा था प्रारंभिक जांच में खुलासा लोगों के पास लाइफ जैकेट नहीं थे**

**सभी लोग नाव पर बैठकर आनंदपुरी-चिखली स्थित हैंगिंग ब्रिज पर फोटो खिंचवाने गए थे**

हाल ही में मध्यप्रदेश के जबलपुर में हुआ हादसा

### नर्मदा नदी में क्रूज बोट उलटने से नौ लोग डूबे थे



गत 30 अप्रैल को मध्यप्रदेश के जबलपुर में नर्मदा नदी के बैकवाटर में पर्यटकों से भरी एक क्रूज बोट उलटने से 9 लोगों की मौत हो गई थी। 29 साल पहले वागड़ की माही नदी-कडाणा बांध के बैकवाटर क्षेत्र में 25 दिसंबर, 1997 को नाव उलटने से डूंगरपुर जिले के रामसौर गांव के आठ युवाओं की मौत हो गई थी।

## देहरादून में राहुल गांधी का पीए बताकर महिला से ठगी

**टिकट दिलाने का आश्वासन देकर भरोसे में लिया**

एजेंसी ▶▶ देहरादून

देहरादून में ठग ने राहुल गांधी का पीए बताकर महिला से 25 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली। आरोपियों ने विधानसभा चुनाव में टिकट दिलाने का भरोसा देकर महिला को झांसे में लिया। इस दौरान आरोपी ने महिला को प्रदेश के बड़े नेताओं की आवाज भी सुनाई। भरोसा जीतने के बाद अलग-अलग बहानों से उससे बड़ी रकम वसूली गई, जिसके बाद आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा। पीड़िता के अनुसार, जब वादा पूरा नहीं हुआ तो महिला को ठगी का एहसास हुआ और उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और पूरे नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है।

### प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की सुनाई आवाज

पीड़िता भावना पांडे ने बताया कि 13 अप्रैल 2026 को आरोपी ने राहुल गांधी का पीए बताकर उनसे संपर्क किया। विश्वास दिलाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, यशपाल आर्य,



हरक सिंह रावत और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की आवाज भी सुनाई। जिससे महिला आरोपी के झांसे में आ गई। आरोपियों ने पांच सितारा होटल में विधायकों के ठहरने और विधानसभा से जुड़े खर्च का हवाला देकर उनसे पैसे मांगे।

## 20 राज्यों में फैले साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़, गुजरात पुलिस ने 10 को पकड़ा

**53 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर धोखाधड़ी की**

**11 मोबाइल फोन 11 बैंक चेकबुक पासबुक और डेबिट कार्ड जब्त**

**गांधीनगर (भाषा)।** पुलिस ने 53 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर धोखाधड़ी में शामिल एक गिरोह से जुड़े 10 लोगों को गुजरात से गिरफ्तार किया है, जो कम से कम 20 राज्यों में फैला है। गांधीनगर स्थित 'साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की एक टीम ने उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक आणंद निवासी साहिलमिया शब्बीरमिया मालिक ने कथित तौर पर पेटलाद कस्बे (आणंद जिला) के सलमान वोहरा का कर्नाटक बैंक खाता मुहैया कराया था। वोहरा मुंबई में 2024 में राकांपा नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से 11 मोबाइल फोन, 11 चेकबुक, पासबुक और डेबिट कार्ड जब्त किए।

## केजरीवाल और सिसोदिया के लिए वरिष्ठ वकील नियुक्त करेंगे: कोर्ट

■ आबकारी नीति मामले में बरी किए जाने के खिलाफ सीबीआई पहुंची हाईकोर्ट

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह आबकारी नीति मामले में बरी किए जाने के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक का प्रतिनिधित्व करने के लिए वरिष्ठ वकीलों को न्याय मित्र (एमिकस क्यूरी) के रूप में नियुक्त करेगा।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और विधायकों ने न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष सुनवाई का बहिष्कार किया क्योंकि न्यायाधीश ने हितों के टकराव और पक्षपात की आशंका जताने वाले उनके आवेदनों पर सुनवाई से खुद को अलग करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने अधीनस्थ अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई आठ मई तक के लिए स्थगित कर दी। अदालत ने कहा कि उनके प्रतिनिधित्व के लिए किसी की नियुक्ति के बाद ही मामले को आगे बढ़ाना उचित होगा। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा, "मैं न्याय मित्र नियुक्त करूंगी। मैं इस मामले में तीन वरिष्ठ वकीलों को नियुक्त करूंगी।" सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पूछा कि क्या अदालत केजरीवाल और अन्य लोगों के लिए यह नियुक्ति कर रही है, जिनका कार्यवाही में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है।

## मुंबई में चलने वाली विश्व की पहली महिला विशेष ट्रेन के 34 वर्ष पूरे

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

रेलवे बोर्ड ने मंगलवार को मुंबई के चर्चगेट और बोरीवली के बीच चलने वाली दुनिया की पहली महिला विशेष ट्रेन सेवा के 34 साल पूरे होने को महिला-केंद्रित उपनगरीय यात्रा में एक "महत्वपूर्ण उपलब्धि" बताया।

यह सेवा शुरू में चर्चगेट और बोरीवली के बीच संचालित की गई थी और बाद में 1993 में इसे विरार तक बढ़ा दिया गया। बोर्ड ने कहा कि पांच मई 1992 को विश्व की पहली महिला विशेष ट्रेन सेवा के रूप में शुरू की गई यह सेवा मुंबई में कामकाजी महिलाओं, विशेष रूप से व्यस्त समय के दौरान, सुरक्षित, विश्वसनीय और आरामदायक यात्रा विकल्पों की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए शुरू की गई थी।"

**यह सेवा शुरू में चर्चगेट-बोरीवली के बीच संचालित की गई थी**




सेवा के शुरुआती दिनों को याद करते हुए, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि ट्रेन को पश्चिमी रेलवे के तत्कालीन महाप्रबंधक द्वारा सामान्य कार्यक्रम में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह पहल कामकाजी महिलाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए थी। मुझे वह समय याद है जब नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री थे, सीके जाफर शरीफ रेल मंत्री थे।

## मुंबई में जब्त तीन जहाजों पर फंसे 50 नाविकों को छोड़ने के आदेश

■ जहाज मालिकों ने फंसे नाविकों के साथ 'पालतू जानवरों' से भी बुरा बर्ताव किया

भाषा ▶▶ मुम्बई

बंबई उच्च न्यायालय ने मुंबई तट के पास जब्त किए गए तीन जहाजों पर फंसे 50 नाविकों को छोड़ने का निर्देश दिया। अदालत ने जहाज मालिकों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वे चालक दल के सदस्यों को महीनों से नाम मात्र के लिए भोजन और पानी उपलब्ध कराके उनके साथ ₹पालतू जानवरों₹ से भी बुरा व्यवहार कर रहे हैं। उच्च न्यायालय ने जहाज मालिकों पर ₹मानव जीवन की बिल्कुल भी परवाह न करने₹ और नाविकों के स्वास्थ्य के बजाय अपनी व्यावसायिक गतिविधियों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उसने कहा, ₹जीवन केवल एक बार मिलता है। हम पुनर्जन्म में विश्वास नहीं करते हैं।₹ तीनों



जहाज पर फंसे नाविकों ने उच्च न्यायालय में दायर याचिका में दावा किया कि उनके पास नाम मात्र के लिए भोजन और पानी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि तीनों जहाज को तेल और कोयले के अवैध परिवहन के आरोप में मुंबई से लगभग 11 समुद्री मील दूर बीच समुद्र में जब्त कर लिया गया था, जिसके बाद मालिकों ने नाविकों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। एमटी एस्फाल्ट स्टार, एमटी स्टेलर रूबी और एमटी अल जाफजिया नामक जहाजों पर लगभग 50 नाविक फंसे हुए हैं, जिनमें से सात ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के साथ उच्च न्यायालय का रुख किया।

## केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

**केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने नवाचार, शीघ्र निदान और ठोस सहयोग की जरूरत पर बल दिया**

# दुर्लभ रोगों के उपचार में भारत को अपने तरीके खोजने होंगे

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय चिकित्सा आयुर्विज्ञान परिषद (आईसीएमआर) के प्रमुख डॉ राजीव बहल ने मंगलवार को कहा कि भारत को दुर्लभ बीमारियों के निदान, उपचार और रोकथाम के लिए पश्चिमी पद्धतियों पर पूरी तरह निर्भर रहने के बजाय जनसंख्या-आधारित दृष्टिकोण, निवारक रणनीतियों और स्वदेशी नवाचार पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने दुर्लभ बीमारियों से निपटने के लिए संदर्भ-विशिष्ट मॉडल विकसित करने की जरूरत भी बताई। यहां




केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आयोजित दो-दिवसीय राष्ट्रीय दुर्लभ रोग सम्मेलन को संबोधित करते हुए आईसीएमआर के महानिदेशक ने कहा कि भारत को दुर्लभ बीमारियों के निदान, उपचार और रोकथाम के लिए पश्चिमी पद्धतियों पर पूरी तरह निर्भर रहने के बजाय अपने तरीके ईजाद करने होंगे। उन्होंने कहा कि विकसित देशों के पास अधिक संसाधन हैं, फिर भी भारत जनसंख्या-आधारित दृष्टिकोण, निवारक रणनीतियों और सोशल मीडिया तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे उभरते उपकरणों सहित डिजिटल प्रौद्योगिकियों के प्रभावी उपयोग के माध्यम से अपनी शक्तियों का लाभ उठाकर व्यापक पहुंच बना सकता है और शीघ्र निदान में सुधार कर सकता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (डीएचआर) के सचिव बहल ने पिछले तीन दशकों में दुर्लभ रोगों के क्षेत्र में हुई महत्वपूर्ण प्रगति पर प्रकाश डाला।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में 2017 में शामिल किया गया था

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा कि इस सम्मेलन के आयोजन का मुख्य उद्देश्य हितधारकों के समक्ष आने वाली चुनौतियों को समझना, नवाचारों को प्रोत्साहित करना और देश में दुर्लभ रोगों से निपटने के तरीके को सुदृढ़ करने के लिए नए विचार उत्पन्न करना है। दुर्लभ रोगों से निपटने की आवश्यकता को सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 में प्रमुखता से शामिल किया गया था।

**पंजाब के सीएम मान राष्ट्रपति से मिले**

# छह रास सदस्यों की सदस्यता समाप्त करने की मांग की

**आप छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे**

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनसे राज्य के उन छह राज्यसभा सदस्यों की सदस्यता समाप्त करने का आग्रह किया जो हाल में आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए थे। मान ने एक संवैधानिक प्रावधान लाने की भी वकालत की जिससे मतदाता जनप्रतिनिधि के काम नहीं कर पाने पर उसे हटा सकें। आम आदमी पार्टी (आप) को 24 अप्रैल को उस समय बड़ा झटका लगा था जब



राज्यसभा में उसके 10 सदस्यों में से सात- राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, संदीप पाठक, हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, विक्रमजीत साहनी और स्वाति मालीवाल ने यह आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ दी कि 'आप' अपने मूल्यों और मूल सिद्धांतों से भटक गई है। इनमें मालीवाल को छोड़कर छह सदस्य पंजाब से हैं। मान राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से अकेले मिले जहां उन्होंने सभी विधायकों के हस्ताक्षर वाला एक ज्ञापन सौंपा।

### 'आप' खतरनाक बदले की राजनीति में लिप्त

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने मंगलवार को आप)के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार पर 'प्रतिशोध की राजनीति' करने



और हाल में पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले राज्यसभा सदस्यों को निशाना बनाने के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। चड्ढा ने तीन अन्य सांसदों के साथ मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और एक ज्ञापन प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने आप छोड़ने के बाद उनके खिलाफ उत्पीड़न और 'राजनीतिक रूप से प्रेरित' कार्रवाई का आरोप लगाया।

चिंतन

# ममता इस्तीफा दे देतीं तो गरिमा बनी रहती

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद सीएम पद से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया। यह उनकी हताशा को दर्शाता है। ऐसा करके उन्होंने अपनी गरिमा को ही कम किया है। हालांकि तकनीकी रूप से उनके इस्तीफा देने या न देने से कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अब ममता केवल अपनी राजनीति चमकाने के लिए ही यह सारा नाटक कर रही हैं, जो उन्हें शोभा नहीं देता। वास्तविकता यह है कि अगर उन्होंने अपने शासनकाल में जनता की समस्याओं के हल करने और सुविधाएं देने में दिलचस्पी दिखाई होती तो आज उन्हें इस तरह से हार का सामना न करना पड़ता। लोकतंत्र में हार-जीत होती रहती है। विजय को नम्रता और हार को बड़प्पन के साथ स्वीकार करने से व्यक्ति की गरिमा और विश्वास बना रहता है और यही भारतीय राजनीति की पहचान रही है। ममता पहले भी विपक्ष में रहते हुए आक्रामकता के लिए जानी जाती रही हैं, लेकिन चुनाव में हार पर उनकी आक्रामता राज्य के लोगों का अपमान है। हार के लिए केंद्र सरकार, एसआईआर, चुनाव आयोग और अर्धसैनिक बलों को दोषी ठहराया जाना सरासर गलत है। ममता ने ऐसा करने के बजाय उन लोगों पर अंकुश लगाया होता जो प्रदेश के वातावरण को बिगाड़ रहे थे, महिलाओं की आबरू के साथ खिलवाड़ कर रहे थे और तमाम सरकारी योजनाओं के लिए कमीशन (कट मनी) वसूल रहे थे तो उनके साथ ऐसा नहीं होता। इस बार चुनाव के दौरान हिंसा न के बराबर रही। इसलिए यह कहना कि चुनाव में गड़बड़ी हुई, नितांत हास्यास्पद है। जहां तक एसआईआर का सवाल है तो वह बंगाल में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में ही हुई है। ममता ने खुद एसआईआर को लेकर सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग किया, वह किसी से छुपा नहीं है। इसके बाद खुद सुप्रीम कोर्ट को एसआईआर पूरा करवाने के लिए न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति करनी पड़ी। बता दें कि पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आ चुके हैं। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटें जीत ली हैं। पार्टी 9 मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। ममता की टीएमसी सिर्फ 80 सीटें जीत सकी। 15 साल बाद ममता के हाथ से सत्ता चली गई है। मंगलवार को कोलकाता में ममता ने आरोप लगाए कि मैं सीएम पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं, इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। चुनाव आयोग असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी। पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता मेरे साथ हैं। हम फिर से उभरेंगे और शेर की तरह लड़ेंगे। अब ममता विपक्ष को एकजुट करके अपनी राजनीति चला सकती हैं, लेकिन फिलहाल उनकी पश्चिम बंगाल से विदाई हो चुकी है और ममता इसे बड़प्पन के साथ स्वीकार करें और गरिमामय तरीके से कार्यालय छोड़ दें। कुल मिलाकर लोकतंत्र में हार-जीत स्वाभाविक है, लेकिन उसे स्वीकार करने का तरीका ही किसी नेता की असली पहचान तय करता है। नैतिक जिम्मेदारी और राजनीतिक परिपक्वता अधिक महत्वपूर्ण होती है। गरिमा बनाए रखने के लिए संतुलित प्रतिक्रिया और आत्ममंथन जरूरी है। आरोप-प्रत्यारोप से स्थिति सुधरती नहीं, बल्कि जनविश्वास कमजोर होता है। ऐसे समय में शांत, जिम्मेदार और सकारात्मक रुख अपनाना ही बेहतर नेतृत्व का संकेत होता है, जो भविष्य की राजनीति के लिए भी मजबूत आधार तैयार करता है।



चुनाव परिणाम
विकेश कुमार बडोला

# तुष्टिकरण की विदाई, राष्ट्रवाद का उदय

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव परिणामों ने लोकतांत्रिक सत्ता की नैतिकता व लोकनिष्ठा की नूतन स्थापना कर दी है। भारत की लोकतांत्रिक, धार्मिक, हिन्दू जन-मन की आस्थागत दशा के अनुरूप बंगाल के चुनाव परिणाम अति उत्साहजनक हैं। गत पंद्रह वर्षों के शासन में तृणमूल एवं इसकी मुख्यमंत्री ने भारतीय संविधान, लोकतंत्र, हिंदू धर्मदर्शन, गरीब हिंदुओं के दमन तथा अवैध घुसपैठिए मुस्लिमों को वोटबैंक बनाने के लक्ष्य के साथ जो भी राजनीतिक खटकर्म किए, उनसे न केवल पश्चिम बंगाल अपितु समग्र हिंदुस्तान अत्यंत व्यथित था। आज राज्य में जो निष्पक्ष मतदान और मतगणना संभव हुई, उसी का परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी यहां सत्तारूढ़ होने का प्रथम अवसर प्राप्त कर पाई है।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव परिणामों ने लोकतांत्रिक सत्ता की नैतिकता व लोकनिष्ठा की नूतन स्थापना कर दी है। बंगाल में कुल 293 में से 206 निर्वाचन-क्षेत्रों में भाजपा, 81 में तृणमूल, 2 में कांग्रेस, 2 में वामदल, 2 में अन्य विजयी हुए हैं। पश्चिम बंगाल में भाजपा बहुमत के लिए आवश्यक 147 से कहीं अधिक निर्वाचन-क्षेत्र जीतकर सत्तारूढ़ होने जा रही है। मुख्यमंत्री अपने निर्वाचन-क्षेत्र में पराजित हुईं। उनके पूर्व सहयोगी एवं अब भाजपा के नेता सुवेंदु अधिकारी ने उन्हें भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में 15,105 मतों के अंतर से पराजित किया। भारत की लोकतांत्रिक, धार्मिक, हिन्दू जन-मन की आस्थागत दशा के अनुरूप बंगाल के चुनाव परिणाम अति उत्साहजनक हैं। गत पंद्रह वर्षों के शासन में तृणमूल एवं इसकी मुख्यमंत्री ने भारतीय संविधान, लोकतंत्र, हिंदू धर्मदर्शन, गरीब हिंदुओं के दमन तथा अवैध घुसपैठिए मुस्लिमों को वोटबैंक बनाने के लक्ष्य के साथ जो भी राजनीतिक खटकर्म किए, उनसे न केवल पश्चिम बंगाल अपितु समग्र हिंदुस्तान अत्यंत व्यथित था। आज चुनाव आयोग व केंद्रीय शासन के प्रयासों द्वारा राज्य में जो निष्पक्ष मतदान और मतगणना संभव हुई, उसी का परिणाम है कि भारतीय जनता पार्टी यहां सत्तारूढ़ होने का प्रथम अवसर प्राप्त कर पाई है। भाजपा की ही राजनीतिक दृष्टि के साथ असम के चुनावी परिणाम देखें तो असम के कुल 126 निर्वाचन-क्षेत्रों में से भाजपा 102 पर, कांग्रेस 21 पर एवं अन्य 3 पर विजयी हुए। यहां भी भाजपा ने बहुमत की संख्या 64 से कहीं अधिक क्षेत्रों में विजय प्राप्त की है। पुडुचेरी के कुल 30 निर्वाचन-क्षेत्रों में से भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ 18 पर, कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 6 पर तथा अन्य 6 पर विजयी हुए। यहां भी भाजपा के बहुमत की संख्या 16 से दो क्षेत्रों में आगे रही। भगवा रंग में रंगे पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में भाजपा के मत प्रतिशत को देखें तो यह क्रमशः 45.84, 37.81 व 12.19 प्रतिशत रहा।

यद्यपि असम में भाजपा को अकेले ही बहुमत के आंकड़े से अधिक क्षेत्रों में विजय प्राप्त हुई, तथापि वह राजनीतिक गठबंधन के धर्म का पालन करते हुए अपने सहयोगियों के साथ निरंतर तीसरी बार शासन की स्थापना करेगी। यह अत्यंत विचारणीय एवं प्रशंसनीय तथ्य है। जहां पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में भाजपा शासन पर विराजमान होगी, वहीं दक्षिण भारतीय राज्यों तमिलनाडु एवं केरल में से अभी केवल केरल में ही सत्तारूढ़ होने वाले दलों की स्थिति स्पष्ट है। यहां कांग्रेस अपने सहयोगी गठबंधन यूडीएफ के साथ सत्तासीन होने जा रही है। राज्य के कुल 140 निर्वाचन-क्षेत्रों में से कांग्रेस व यूडीएफ गठबंधन को 99 पर, सत्तारूढ़ एलडीएफ को 35 पर, भाजपा एवं अन्य दलों को 3-3 निर्वाचन-क्षेत्रों में विजय प्राप्त हुई है। यहां बहुमत के लिए आवश्यक 71 अंकों के आधार पर कांग्रेस व यूडीएफ गठबंधन सत्ताधारण करेगा। तमिलनाडु के चुनाव परिणाम अप्रत्याशित रहे। सत्तारूढ़ डीएमके को कुल 234 निर्वाचन-क्षेत्रों में से मात्र 65 पर विजय प्राप्त हुई, जबकि दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार थलापति विजय का नवगठित राजनीतिक दल तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) 107 निर्वाचन-क्षेत्रों में विजयी हुआ है, जो बहुमत के 118 अंकों से 11 कम है।



एआईएडीएमके, जो भाजपा का सहयोगी राजनीतिक गठबंधन है, वह 51 निर्वाचन-क्षेत्रों में विजयी हुआ है। अन्य दलों को 11 क्षेत्रों में जीत मिली है। तमिलनाडु के संदर्भ में विचारणीय यह होगा कि टीवीके किसके समर्थन द्वारा सत्तारूढ़ होगा अथवा यह किसका समर्थन लेकर शासन स्थापना की दिशा में आगे बढ़ेगा। तमिलनाडु में 234 में से केवल 1 निर्वाचन-क्षेत्र में ही भाजपा विजय प्राप्त कर सकी है, जबकि 2021 में भाजपा यहां 4 क्षेत्रों में विजयी हुई थी। यहां भाजपा का मत प्रतिशत लगभग 2.1 से 3 प्रतिशत के बीच रहा। इसके विपरीत, केरल में कुल 140 में से 3 निर्वाचन-क्षेत्रों में भाजपा विजयी हुई। यहां भाजपा का मत प्रतिशत 11.42 प्रतिशत रहा। तमिलनाडु की तुलना में केरल में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा रहा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव कई अर्थों में अभूतपूर्व रहे। प्रथम तो यही है कि बड़े राज्यों, पश्चिम बंगाल एवं तमिलनाडु की जनता ने वर्षों से सत्तारूढ़ रहे राजनीतिक दलों व इनके नेतृत्वकर्ताओं पर अविश्वास प्रदर्शित करते हुए उन्हें सत्ताच्युत कर दिया। इन दोनों ही राज्यों में हिंदू कारक महत्वपूर्ण रहा। जहां बंगाल में तृणमूल की ममता ने हिंदुओं की कीमत पर मुस्लिमों के तुष्टिकरण को प्राथमिकता दी थी, वहीं तमिलनाडु में स्टालिन ने हिंदुओं व हिंदू धर्म के अपमान का कोई भी अवसर नहीं छोड़ा था। इसकी परिणति यह रही कि आज जनता ने न केवल इन मुख्यमंत्रियों के राजनीतिक दलों, अपितु दोनों मुख्यमंत्रियों को भी पराजित करने के लिए मतदान किया है। यदि समग्रता में देखें तो लोकतांत्रिक चुनाव की इस प्रक्रिया में हिंदुओं के भीतर सुलगती रही अपमान की लहर ने दक्षिण से लेकर पूर्वोत्तर तक स्थापित राजनीतिक शक्तियों को बुरी तरह धराशायी कर दिया है। विजयी राजनीतिक दल, उनके नेता तथा केंद्र में प्रधानमंत्री से लेकर गृहमंत्री एवं अन्य नेता तक, यह कदापि न भूलें कि चुनाव आयोग को स्वतंत्रतापूर्वक अपनी लोकतांत्रिक शक्तियों के साथ कार्य करने देने के परिणामस्वरूप ही आज बंगाल में वामपंथ व तृणमूल के कुशासन तथा तमिलनाडु, असम व पुडुचेरी में द्रविड़ों एवं कांग्रेसियों की बहुविध तुष्टिकरण की राष्ट्रघाती राजनीति का पतन हुआ है। बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व एसआईआर अर्थात विशेष गहन पुनरीक्षण का जो अस्त्र चुनाव आयोग ने प्रयोग किया था, वह इस बार पश्चिम बंगाल में भी अपने लक्ष्य को भेदने में पूर्णतः सफल रहा। पश्चिम बंगाल जैसे राज्य में सत्तारूढ़ होने जा रही भाजपा को शासन चलाते समय इस बिंदु को अवश्य ध्यान में रखना होगा कि उनकी सत्ताप्राप्ति का माध्यम घुसपैठियों के विरुद्ध कार्रवाई का उनका वचन था, जिसका राजनीतिक व शासकीय पालन अब हर हाल में भाजपा को करना ही होगा। पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में सर्वथा क्रांतिकारी ढंग से तथा बहुसंख्यक हिंदुओं के हित में शासकीय निर्णय लिए जाने की अति आवश्यकता है, यह बात भाजपा के शीर्ष से लेकर जमीनी स्तर तक कार्यरत नेताओं व कार्यकर्ताओं को कभी नहीं भूलनी है। यह जनादेश केवल सत्ता का हस्तांतरण नहीं, बल्कि उस छद्म धर्मनिरपेक्षता की पराजय है, जिसने सदैव बहुसंख्यक समाज की सांस्कृतिक संवेदनाओं को हाशिए पर रखा। यह राजनीतिक उथल-पुथल प्रमाणित करती है कि लोकनिष्ठा को खंडित कर सत्ता का संचालन अब संभव नहीं। भारतीय मतदाता अब तुष्टिकरण की राष्ट्रघाती नीतियों और हिंदू धर्मदर्शन के अपमान को स्वीकार करने के मूड में नहीं है। विजयी दलों के लिए यह अवसर आत्ममुग्धता का नहीं, बल्कि उन संकल्पों को सिद्ध करने का है जो उन्होंने घुसपैठ और सांस्कृतिक अस्मिता के संरक्षण के लिए किए हैं। अंततः, यह लोकतंत्र की वह नूतन स्थापना है जहां राष्ट्र प्रथम का विचार ही सर्वोपरि है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. नीलू तिवारी



# पैरानॉयड डिसऑर्डर : खामोश संकेत और बड़ा खतरा

कभी-कभी एक खबर सिर्फ सूचना नहीं होती, बल्कि समाज के भीतर छिपी किसी गहरी दरार को उजागर कर देती है। उत्तर प्रदेश के कानपुर में घटी वह घटना जहां एक पिता ने अपनी ही जुड़वा बेटियों की हत्या कर दी, ऐसी ही एक सच्चाई को सामने लाती है। जानकारी के अनुसार वह अपनी पत्नी पर शक करता था, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह केवल "शक" था या फिर एक ऐसी मानसिक अवस्था जिसे हमने समय रहते पहचाना ही नहीं? हम आज भी भावनात्मक असुरक्षा और मानसिक बीमारी के बीच के अंतर को समझने में चूक रहे हैं। पैरानॉयड डिसऑर्डर केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक ऐसी स्थिति है, जहां व्यक्ति का मन धीरे-धीरे अपने ही बनाए संदेहों की कैद में बंद हो जाता है। उसे हर चेहरा संदिग्ध लगता है, हर व्यवहार में धोखा दिखाई देता है और हर रिश्ता असुरक्षित प्रतीत होता है। यह केवल सोच नहीं बल्कि एक विकृत यथार्थ है, जिसमें व्यक्ति जीने लगता है। ऐसे में उसके निर्णय तर्क से नहीं, बल्कि डर और भ्रम से संचालित होते हैं और यही स्थिति कभी-कभी त्रासदी का रूप ले लेती है। पैरानॉयड डिसऑर्डर की एक बड़ी समस्या यह है कि व्यक्ति खुद को बीमार नहीं मानता। उसे लगता है कि उसकी सोच सही है और बाकी लोग गलत हैं। यही कारण है कि वह इलाज से बचता है और परिवार भी कई बार इसे "जिद" या "स्वभाव" समझकर नजरअंदाज कर देता है। धीरे-धीरे यह स्थिति और गंभीर हो जाती है। पुरुषों में यह विकार अक्सर अधिकार और नियंत्रण के रूप में सामने आता है। पत्नी की स्वतंत्रता, उसकी बातचीत, उसके संबंध हर चीज पर संदेह करना, धीरे-धीरे एक आदत नहीं बल्कि मानसिक जकड़न बन जाता है। समस्या तब और गहरी हो जाती है जब समाज इस व्यवहार को "सामान्य" या "पुरुष स्वभाव" कहकर स्वीकार कर लेता है। यही सामाजिक स्वीकृति इस विकार को पहचानने में सबसे बड़ी बाधा बनती है। उत्तर प्रदेश की घटना इसी अनदेखी का चरम परिणाम है, जहां शक ने संवेदना को निगल लिया।

महिलाओं के संदर्भ में भी यह समस्या कम गंभीर नहीं है। कई बार महिलाएं भी पैरानॉयड सोच का शिकार हो जाती हैं, जहां वे अपने पति या परिवार के अन्य सदस्यों पर बिना कारण संदेह करने लगती हैं। पोस्टपार्टम साइकोसिस जैसी अवस्था में कुछ महिलाओं में पैरानॉयड विचार विकसित हो सकते हैं। उन्हें लग सकता है कि कोई उनके बच्चे को नुकसान पहुंचाएगा या परिवार उनके खिलाफ साजिश कर रहा है। इस मानसिक भ्रम के कारण वे असामान्य और कभी-कभी खतरनाक व्यवहार कर सकती हैं। देश और दुनिया में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां मानसिक असंतुलन के कारण मां ने अपने ही बच्चे को नुकसान पहुँचाया। हालिया रिपोर्ट बताती है कि शहरी भारत में पुरुषों द्वारा मानसिक हेल्पलाइन पर कॉल करने की संख्या में 126% की वृद्धि हुई है, लेकिन फिर भी कुल मदद लेने वालों में उनकी हिस्सेदारी कम है। यानी समस्या मौजूद है पर उसे स्वीकार करने में झिझक अब भी बनी हुई है। महिलाओं की स्थिति भी अलग नहीं है, बल्कि कई मामलों में और जटिल है। आंकड़े बताते हैं कि मानसिक विकारों विशेषकर डिप्रेशन और एंग्जायटी की दर महिलाओं में पुरुषों से अधिक पाई जाती है। यहां इस लेख की सबसे बड़ी प्रासंगिकता सामने आती है। हम आज भी शक और मानसिक बीमारी के बीच का फर्क समझने में चूक रहे हैं। हम "शक" को एक सामान्य भावना मानकर नजरअंदाज कर देते हैं जबकि कई बार यह एक गंभीर मानसिक विकार का संकेत होता है। यही अनदेखी धीरे-धीरे समस्या को गहरा करती है और अंततः किसी बड़ी त्रासदी का कारण बनती है। लोग आज भी मनोचिकित्सक के पास जाने से डरते हैं। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में तो मानसिक बीमारी को कई बार अंधविश्वास या "किस्मत" से जोड़ दिया जाता है। यही सोच लोगों को सही इलाज से दूर रखती है। इसके साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी भी एक चुनौती है। अगर हम समय रहते मानसिक समस्याओं को नहीं समझेंगे तो इसके परिणाम बेहद खतरनाक हो सकते हैं। अंततः यह समझना जरूरी है कि जब मन बीमार होता है, तो उसका असर केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, वह पूरे समाज को प्रभावित करता है। आज जरूरत इस बात की है कि हम अपने आसपास के लोगों के मन को समझने की कोशिश करें। उनके व्यवहार के पीछे छिपे संकेतों को पहचानें और सबसे बढ़कर एक ऐसा समाज बनाएं, जहां विश्वास, संवाद और मानसिक स्वास्थ्य को बराबर महत्व मिले। दरअसल, जब मन संतुलित होता है, तो रिश्ते सुरक्षित रहते हैं और जब मन संदेह में डूब जाता है तो सबसे मजबूत रिश्ते भी टूट जाते हैं।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं



संकलित
दर्शन

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

# दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान



संकलित
प्रेरणा

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दुनिया में गर्मी का बढ़ता संकट


दुनिया के शहरों पर एक ऐसा संकट तेजी से गहराता जा रहा है, जो दिखाई कम देता है, लेकिन असर सबसे ज्यादा करता है–खतरनाक गर्मी। विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट के अनुसार 2050 तक शहरी इलाकों में अत्यधिक गर्मी से प्रभावित गरीबों की संख्या में लगभग 700 फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है। यह आंकड़ा सिर्फ एक चेतावनी नहीं, बल्कि आने वाले शहरी भविष्य की भयावह तस्वीर है, खासकर ग्लोबल साउथ, यानी एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमरीका के तेजी से बढ़ते शहरों के लिए। गर्मी का यह संकट सीधे तौर पर क्लाइमेट चेंज और अनियोजित शहरीकरण से जुड़ा है। शहरों में कंक्रीट, डामर और धातु की अधिकता प्राकृतिक हरियाली को खत्म कर देती है। इस समस्या का समाधान खोजना होगा।

*– कमलेश कुमारी, करनाल*

## करंट अफेयर

### महिला संरा प्रमुख चुनी जाती है तो 'बेहद खुशी' होगी : चीन

चीन ने संयुक्त राष्ट्र के अगले महासचिव के लिए किसी महिला की नियुक्ति का यह कहते हुए खुलकर समर्थन किया कि अगर इस बार कोई महिला इस शीर्ष पद पर आसीन होती है तो उसे ' 'बेहद खुशी' होगी।



संयुक्त राष्ट्र के 80 साल के इतिहास में अभी तक कोई महिला इस पद पर नहीं पहुंच सकी है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत फू कोंग ने सोमवार को कहा, 'हम किसी महिला को महासचिव के रूप में देखकर बहुत खुश होंगे। 80 साल हो गए हैं–अगर इस बार कोई महिला महासचिव बन सकती है तो चीन इसका स्वागत करेगा।' संयुक्त राष्ट्र के अगले महासचिव के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस पद की दौड़ में दो महिलाओं समेत अभी चार उम्मीदवार हैं। पहली महिला संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बेशेलेट और दूसरी महिला संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) की महासचिव रेबेका ग्रिन्सपान हैं। पुरुष उम्मीदवारों में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रोसी और सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी सॉल शामिल हैं। पिछले महीने चारों उम्मीदवारों ने संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों और नागरिक संगठनों के सामने अपना–अपना दृष्टिकोण रखा और यह भी बताया कि वे इस शीर्ष पद के लिए सबसे उपयुक्त क्यों हैं।

## ऑफ बीट

### क्या परीक्षा प्रणाली बच्चों को कौशल सीखने से रोक रही


दुनिया भर में, खासकर अफ्रीका में, शिक्षा प्रणालियां ऐसे पाठ्यक्रमों की ओर बढ़ रही हैं जो रटने की बजाय आलोचनात्मक सोच और समस्या–समाधान जैसे कौशल विकसित करने पर जोर देते हैं।



योग्यता–आधारित यानी कॉम्पीटेन्सी बेस्ड पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को केंद्र में रखना है। इनका लक्ष्य छात्रों को एक तेजी से बदलती दुनिया के लिए तैयार करना है, जहां सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि व्यक्ति कितनी जल्दी खुद को ढाल सकता है, सोच सकता है और जटिल समस्याओं को हल कर सकता है। पारंपरिक पाठ्यक्रमों के विपरीत, जो अक्सर तथ्यों को याद करने और विषयवस्तु को पूरा करने पर जोर देते हैं, ये नए पाठ्यक्रम इस बात पर केंद्रित हैं कि छात्र जो सीखते हैं उसे वास्तविक जीवन में कैसे लागू करते हैं। उदाहरण के लिए, केवल वैज्ञानिक परिभाषा याद करने के बजाय छात्रों से यह पूछा जा सकता है कि वे किसी अवधारणा का उपयोग करके यह समझाएं कि बीमारियां कैसे फैलती हैं। हालांकि इस बदलाव पर चर्चा में अक्सर शिक्षकों की तैयारी, संसाधनों की कमी और पाठ्यक्रम के सही क्रियान्वयन जैसी चुनौतियों पर ध्यान दिया जाता है लेकिन ये सभी कारण पूरी तस्वीर नहीं बताते।

## ट्रेंड

### हम यूएई के साथ



यूएई पर हुए हमलों की हम कड़ी निंदा करते हैं, जिनमें तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अस्वीकार्य है। भारत यूएई के साथ पूरी तरह एकजुट है।

**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### जनादेश की चोरी



कांग्रेस के कुछ लोग और अन्य टीएमसी की हार पर खुशी मना रहे हैं। उन्हें यह बात समझनी चाहिए - असम और बंगाल के जनादेश की चोरी भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने के अपने अभियान में उठाया गया एक बड़ा कदम है।

**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### नारी शक्ति का अपमान



नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाले नेताओं, विरोध करने वाली पार्टियों को आज उनकी औकात दिखा दी गई है। डीएमके के स्टालिन हों, ममता बनर्जी हों या अरविंद केजरीवाल। नारी शक्ति का अपमान करने वाला हर व्यक्ति आज जवाब देने में असमर्थ है।

**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### लोकतंत्र विरोधी ताकतें



आज मैंने पंजाब के विधायकों से बातचीत की। आम आदमी पार्टी राष्ट्रहित में लोकतंत्र विरोधी ताकतों को हराने के लिए प्रतिबद्ध है। पंजाब की जनता आगामी चुनावों में भाजपा के अश्वमेध घोड़े को रोकेगी और लोकतंत्र की विजय सुनिश्चित करेगी।

**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 9 | 6 | 2 | 13 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 |
| दिल्ली | 10 | 4 | 6 | 8 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 5 | 7 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| लखनऊ | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
440 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

## मेंस टी20 रैंकिंग : मजबूती के साथ 'नंबर-1' पर भारत

### इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

तीन बार के विश्व कप विजेता भारत ने मंगलवार को आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा जबकि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। भारत मार्च में इतिहास रचते हुए टी20 विश्व कप का खिताब सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली टीम बना था।

साथ ही टीम ने रिकॉर्ड तीसरी बार यह खिताब जीता था। भारत ने श्रीलंका के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। आईसीसी ने कहा, 'नवीनतम रैंकिंग में मई 2025 के बाद खेले गए सभी मुकाबलों को शत प्रतिशत और उससे पिछले दो वर्षों के मुकाबलों को 50 प्रतिशत भार दिया गया है।'



**275 अंक के साथ शीर्ष पर काबिज भारत**

आईसीसी ने कहा, '275 अंक के साथ शीर्ष पर काबिज भारत की इंग्लैंड (262 अंक) पर बढ़त एक अंक कम हुई है जबकि ऑस्ट्रेलिया 258 अंक के साथ तीसरे स्थान पर इंग्लैंड के और करीब आ गया है।' दो बार के विजेता इंग्लैंड के 262 जबकि एक बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के 258 अंक हैं।

**शीर्ष सात टीम में कोई बदलाव नहीं**

आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष सात टीम की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। न्यूजीलैंड (247), दक्षिण अफ्रीका (244), पाकिस्तान (240) और वेस्टइंडीज (233) अपने-अपने स्थानों पर बरकरार हैं। हालांकि श्रीलंका (221) को छह रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है, जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है। वहीं बांग्लादेश (225) एक स्थान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गया है। अफगानिस्तान (220) 10वें स्थान पर है और श्रीलंका तथा उसके बीच का अंतर बहुत कम है। जिम्बाब्वे और आयरलैंड क्रमशः 11वें और 12वें स्थान पर हैं।

## विमेंस टी20 रैंकिंग : शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया, भारत तीसरे पायेदान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी की ओर से जारी ताजा टी20 टीम रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने शीर्ष पायदान पर अपनी पकड़ और मजबूत बना ली है। अपडेटेड रैंकिंग में, मई 2025 के बाद खेले गए मुकाबलों को पूरा वेटेज (100 प्रतिशत) दिया गया है, जबकि पिछले दो वर्षों के नतीजों को 50 प्रतिशत वेटेज मिला है। इस रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया 287 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ शीर्ष पर है। इस टीम को दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम पर 12 प्वाइंट्स की बढ़त हासिल है, जबकि भारत 264 प्वाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर मजबूती से बना हुआ है।

### चामरी ने की शानदार बढ़त हासिल



दुबई। श्रीलंकाई कप्तान चामरी अटापट्टू ने हालिया शानदार प्रदर्शन के साथ आईसीसी विमेंस टी20 रैंकिंग में शानदार बढ़त हासिल की है। अटापट्टू को टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान का फायदा मिला है, जबकि ऑलराउंडर्स की सूची में उन्होंने 2 स्थानों की छलांग लगाई है। चामरी अटापट्टू को बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका की 3-0 की शानदार जीत में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया था। इस अनुभवी खिलाड़ी ने तीन पारियों में कुल 115 रन बनाने के अलावा, चार विकेट भी लिए थे। इस हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में चामरी 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इसके अलावा, ऑलराउंडर्स की सूची में भी उन्होंने तीसरे स्थान पर कब्जा जमा लिया है। इसी के साथ अटापट्टू ने भारत की दीप्ति शर्मा और ऑस्ट्रेलिया की एश गार्डनर को पछाड़ दिया है। ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में अब उनसे आगे सिर्फ न्यूजीलैंड की कप्तान एमी केर और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज ही हैं।

## खबर संक्षेप

### छोटा प्रारुप खेल को गति की ओर ले जाएगा: चिराग

**नई दिल्ली।** शीर्ष पुरुष युगल खिलाड़ी चिराग शेट्टी ने कहा कि बैडमिंटन का नया 15 अंक का



प्रारुप पारंपरिक 21 अंक के प्रारुप से बहुत अधिक अलग नहीं है। पारंपरिक प्रारुप में खिलाड़ियों की सहनशक्ति की परीक्षा होती थी और यह पूर्ण चुनौती पेश करता था लेकिन चिराग ने स्वीकार किया कि छोटा प्रारुप खेल को गति और ताकत की ओर ले अधिक ले जाएगा। विश्व बैडमिंटन महासंघ ने हाल ही में डेनमार्क में अपनी सालाना आम बैठक में 15 अंक के तीन गेम के प्रारुप को अपनाने की स्वीकृति दे दी। इस प्रस्ताव को डाले गए वोटों में से जरूरी दो-तिहाई बहुमत मिल गया। नया 15 अंक का तीन गेम का प्रारुप 4 जनवरी 2027 से लागू होगा और इसे भारत के पूर्व और मौजूदा खिलाड़ियों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है।

### गंगा ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** सेना के निशानेबाज गंगा सिंह ने मंगलवार को 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में स्वर्ण पदक जीता जबकि हरियाणा के कमलजीत चौधरी और सुरभि राव ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। गंगा सिंह ने फाइनल में 357.8 का स्कोर किया और पोडियम पर शीर्ष पर रहे। उन्होंने रेलवे के अर्जुन बबूता को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 356.9 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। स्वप्निल कुसाले ने 343.7 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। हरियाणा के कमलजीत और सुरभि ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में क्वालीफिकेशन में 576 का स्कोर करके शीर्ष स्थान हासिल किया और फिर फाइनल में 476.6 के स्कोर के साथ गोल्ड पक्का किया।

### कप्तानी करना आसान नहीं : जस्टिन लैंगर


**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने कहा कि 27 करोड़ रुपए की कीमत हमेशा अच्छे प्रदर्शन की गारंटी नहीं देती, लेकिन ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग टीम की कप्तानी करने से पड़ने वाले दबाव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह बात तब कही जब उनकी टीम प्ले-ऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है।

## आईपीएल: कार्तिक ने 41 रन बनाए, नूर ने झटके दो विकेट

# सैमसन की नाबाद अर्धशतकीय पारी से सीएसके ने दिल्ली को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

धीमी और गेंदबाजों की मददगार पिच पर संजू सैमसन की 52 गेंदों में 87 रन की नाबाद पारी के बूते चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स को 15 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराया। दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट पर 155 रन पर रोकने के बाद सुपरकिंग्स ने 17.3 ओवर में दो विकेट पर 159 रन बनाकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बनाए रखा। चेन्नई सुपरकिंग्स की यह 10 मैचों में पांचवीं जीत है और टीम तालिका में छठे स्थान पर बनी हुई है। दिल्ली कैपिटल्स इतने ही मैचों में छठी हार के बाद आठ अंकों के साथ सातवें स्थान पर है और प्लेऑफ में पहुंचने की उसकी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। जिस पिच पर अन्य बल्लेबाज संघर्ष कर रहे थे, सैमसन ने वहां धाराप्रवाह बल्लेबाजी करते हुए सात चौके और छह छक्के लगाने के अलावा तीसरे विकेट के लिए युवा कार्तिक शर्मा (नाबाद 41) के साथ 66 गेंदों में 114 रन की अटूट साझेदारी की। पिछले मैच में नाबाद अर्धशतक जड़ने वाले कार्तिक ने 31 गेंदों की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के लगा कर समझदारी से बल्लेबाजी की। दिल्ली कैपिटल्स के लिए कप्तान अक्षर पटेल और लुंगी एनगिडी ने एक-एक सफलता हासिल की। इससे पहले ट्रिस्टन स्टब्स (38) और समीर रिजवी (नाबाद 40) के बीच छठे विकेट के लिए 47 गेंदों में 65 रन की साझेदारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए सात विकेट पर 155 रन बनाए।





### दिल्ली-155/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| निसंका का ब्रेविस बो चौधरी | 19 |
| लोकेश का गायकवाड़ बो हुसैन | 12 |
| नीतिश राणा का कार्तिक बो नूर | 15 |
| करुण का गुरजपनीत बो नूर | 13 |
| अक्षर का हुसैन बो गुरजपनीत | 02 |
| स्टब्स का चौधरी बो ओवरटन | 38 |
| समीर रिजवी नाबाद | 40 |
| आशुतोष शर्मा रन आउट | 14 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 00 |

अतिरिक्तः 02
कुल योगः 20 ओवर में सात विकेट पर 155 रन
विकेट पतनः 1-29, 2-36, 3-52, 4-61, 5-69, 6-134, 7-149
गेंदबाजीः हुसैन 4-0-19-1, मुकेश 4-0-31-1, कंबोज 4-0-49-1, नूर 3-0-22-2, गुरजपनीत 4-0-29-1, ओवरटन 1-0-5-0

### चेन्नई-159/2 (17.3)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू सैमसन नाबाद | 87 |
| रुतुराज का रिजवी बो एनगिडी | 06 |
| उर्विल पटेल स्टं. राहुल बो अक्षर | 17 |
| कार्तिक शर्मा नाबाद | 41 |

अतिरिक्तः08
कुल योगः 17.3 ओवर में दो विकेट पर 159 रन
विकेट पतनः 1-24, 2-45
गेंदबाजीः मिचेल 4-0-30-0, अक्षर 4-0-25-1, लुंगी 4-0-30-1, कुलदीप 3-0-34-0, टी नटराजन 2.3-0-39-0

### लड़खड़ाते पंजाब को पकड़नी होगी लय


**हैदराबाद।** पिछले दो मैचों में बल्लेबाजों की नाकामी के कारण हार का सामना करने वाली पंजाब किंग्स की टीम को अगर अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो उसे बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले आईपीएल मैच में फिर से अपनी आक्रामक लय हासिल करनी होगी।

- **आज शाम 7.30 बजे से हैदराबाद के खिलाफ अहम मुकाबला**

लगातार 6 मैच जीतने वाली पंजाब की टीम पिछले दो मैचों में लड़खड़ा गई है। इन मैचों में हार ने उसकी उन कमजोरियों को उजागर किया है, जिन्हें वह जल्द से जल्द दूर करना चाहेगी। पंजाब किंग्स भले ही 9 मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है लेकिन अब गलतियों की गुंजाइश काफी कम हो गई है, क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स सभी उससे केवल एक अंक पीछे हैं। बल्लेबाजों की नाकामी के कारण पंजाब किंग्स को पिछले कुछ मैच में हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले के मैचों में उसके बल्लेबाजों ने अपने आक्रामक अंदाज का शानदार नमूना पेश किया था।

## तीरंदाजी विश्व कप

### देवताले का शानदार प्रदर्शन शीर्ष तीन में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| शंघाई

पूर्व विश्व चैंपियन ओजस देवताले ने भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम का नेतृत्व करते हुए मंगलवार को तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण के क्वालीफाइंग राउंड में व्यक्तिगत वर्ग में शीर्ष 10 में जगह पक्की की। बर्लिन में 2023 विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप जीतकर भारत के पहले पुरुष विश्व चैंपियन बने देवताले ने क्वालीफाइंग में भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने 711 अंक हासिल करके कुल मिलाकर सातवां स्थान हासिल किया। इससे भारतीय टीम को भी फायदा हुआ और वह शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल रही। साहिल जाधव ने भी 711 अंक बनाए लेकिन केंद्र पर सर्वाधिक निशाना लगाने के कारण देवताले उनसे आगे रहे। भारतीय टीम के एक अन्य खिलाड़ी कुशल दलाल ने कुल मिलाकर 18वें स्थान पर रहकर इस तिकड़ी को पूरा किया। इस तरह से भारत ने टीम स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल किया।

**अदिति स्वामी 700 अंकों के साथ 13वें स्थान पर**

महिलाओं के कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन अदिति स्वामी 700 अंकों के साथ 13वें स्थान पर रहीं। वह क्वालीफाइंग में शीर्ष पर रहने वाली अमेरिका की एलेक्सिस रुइज से सात अंक पीछे रही। भारत की अन्य खिलाड़ियों में प्रगति 697 अंकों के साथ 19वें स्थान पर रही, जबकि कई बार विश्व कप जीत चुकीं ज्योति सुरेखा वेन्नम 21वें स्थान पर खिसक गईं। इन तीनों खिलाड़ियों के कुल स्कोर को मिलाकर भारत को महिला टीम स्पर्धा में पांचवीं वरीयता मिली। मैक्सिको, दक्षिण कोरिया और अमेरिका शीर्ष तीन स्थानों पर रहे।


**सबालेंका ने की ग्रैंड स्लैम की कमाई में खिलाड़ियों को अधिक हिस्सा नहीं मिलने पर बहिष्कार की मांग**

## हमारे बिना न तो टूर्नामेंट होगा और न ही मनोरंजन : सबालेंका

एजेंसी ▶▶| रोम

शीर्ष रैंकिंग वाली महिला एकल खिलाड़ी एरिना सबालेंका का मानना है कि अगर टेनिस खिलाड़ियों को ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट की कमाई में अधिक हिस्सा मिलना शुरू नहीं होता तो उन्हें बहिष्कार करना चाहिए। सबालेंका और उनके साथी नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर उन बड़े खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्होंने सोमवार को एक बयान जारी कर फ्रेंच ओपन की इनामी राशि पर 'गहरी निराशा' जाहिर की।

मंगलवार को सबालेंका ने कहा, 'हमारे बिना ना तो कोई टूर्नामेंट होगा और ना ही कोई मनोरंजन। मुझे लगता है कि हमें निश्चित रूप से कमाई का अधिक प्रतिशत मिलना चाहिए।' उन्होंने कहा, ' मुझे लगता है कि किसी ना किसी मोड़ पर हम इसका बहिष्कार करेंगे। मुझे लगता है कि अपने अधिकारों के लिए लड़ने का यही एकमात्र तरीका होगा।'



**खिलाड़ी कर रहे चार ग्रैंड स्लैम में सुविधा की मांग**

खिलाड़ी चार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और अमेरिका ओपन से बेहतर प्रतिनिधित्व, स्वास्थ्य सुविधाएं और पेंशन की भी मांग कर रहे हैं। फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वे कुल इनामी राशि में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर रहे हैं, जिससे कुल राशि छह करोड़ 17 लाख यूरो (7 करोड़ 21 लाख डॉलर) हो जाएगी। यह राशि पिछले साल के मुकाबले 53 लाख यूरो अधिक है।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

### भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी

**ताशकंद।** भारत के युवा मुक्केबाजों ने एशियाई मुक्केबाजी अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को अलग-अलग वर्ग में जीत दर्ज की। अंडर-15 लड़कों के वर्ग में नोंगपोकंगनबा मैतेई ओइना (46 किग्रा) ने कजाखस्तान के अब्दुरखमान वुशानलो पर 5-0 से शानदार जीत हासिल की जबकि प्रशांत (49 किग्रा) ने बकदाउलेट अखमेत को 5-0 से हराया। मोहम्मद यासिर (58 किग्रा) ने अपने दमदार प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने किर्गिस्तान के अकबरजान नबिदजानोव के खिलाफ पहले ही राउंड में आरएससी (रैफरी ने मुकाबला रोका) के जरिए जीत हासिल की। निवेश पाल (54 किग्रा) ने भी कजाखस्तान के आदिलत गालियेव पर 5-0 से जीत हासिल कर प्रभावित किया जबकि रणवीर (66 किग्रा) को चीनी ताइपे के यिंग-चिएह चेन के खिलाफ वॉकओवर मिलने से अगले दौर में जगह मिल गई। अन्य मुकाबलों में लिलमणि सिंह लुक्रम (61 किग्रा) उज्बेकिस्तान के अजीजबेक एगंबरगानोव के खिलाफ तीसरे दौर में आरएससी के जरिए हार गए जबकि मेहुल राणा (70 किग्रा) को भी कजाखस्तान के अयान बाउरझान के खिलाफ शुरुआती राउंड में आरएससी से हार का सामना करना पड़ा।

## प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट

### मैनचेस्टर सिटी की जीत का सिलसिला टूटा, खेला ड्रॉ



एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

जेरेमी डोकु के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के सातवें मिनट में किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने एवर्टन के खिलाफ मैच 3-3 से ड्रॉ खेला, जिससे प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के खिताब की दौड़ में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल की स्थिति मजबूत हो गई।

इस ड्रॉ के साथ सिटी का लगातार तीन जीत का सिलसिला टूट गया और वह अब आर्सेनल से पांच अंक पीछे हो गया है। आर्सेनल के 35 मैच में 76 और सिटी के 34 मैच में 71 अंक हैं।

**परिणाम निराशाजनक : डोकु**

डोकु ने मैच के बाद कहा,' यह परिणाम निराशाजनक है लेकिन अभी काफी मैच खेले जाने हैं और कुछ भी हो सकता है। आज हमने दो अंक गंवा दिए, लेकिन हम अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।' डोकु ने 43वें मिनट में सिटी के लिए पहला गोल किया था जबकि एर्लिंग हॉलैंड ने 83वें मिनट में दूसरा गोल दागा। एवर्टन की तरफ से थिएर्नो बैरी ने दो (68वें और 81वें मिनट) और जैक ओब्रायन (73वें) ने एक गोल किया। इससे पहले चेल्सी को प्रीमियर लीग में लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा। नॉटिंघम फॉरेस्ट से 3-1 से हारने के बाद चैंपियंस लीग में क्वालीफाई करने की उसकी उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं।

### सेविला ने रियल सोसिएदाद को हराया, सांचेज ने दागा निर्णायक गोल

**सेविला।** रियल सोसिएदाद को सेविला एफसी के खिलाफ 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे हाफ की शुरुआत में एलेक्सिस का एक गोल निर्णायक साबित हुआ। इससे टक्सुरी उर्दिन के पास पांचवां स्थान हासिल करने का बहुत कम मौका बचा। रियल ने अच्छी शुरुआत की लेकिन मौकों को गोल में बदल पाने में सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ की शुरुआत रियल सोसिएदाद के लिए एक अच्छे मौके के साथ हुई जब ओस्कारसन ने एक क्रॉस दिया, जिसे ओयारजाबल आसानी से नहीं पहुंचा पाए। लेकिन सेविला ने अपने पहले असली मौके का पूरा फायदा उठाया, एलेक्सिस ने मेजबान टीम को आगे कर दिया। उस पॉइंट से, रियल सोसिएदाद का अटैक फीका रहा, और वे कभी भी ऐसे मौके नहीं बना पाए, जिनसे बराबरी हो सकती थी। एक हार, जिससे पांचवें नंबर पर रहने की उनकी उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं। चार मैच बाकी हैं और उनका मकसद सीजन को मजबूती से खत्म करना है।

## काल ने उठाया राजस्थान रायल्स की बिक्री पर सवाल

# हम नहीं हटे थे बोली से पीछे, प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं : सोमानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका स्थित काल सोमानी की अगुवाई वाले समूह ने उद्योगपति लक्ष्मीनिवास मित्तल के नेतृत्व वाले समूह से राजस्थान रॉयल्स के स्वामित्व की बोली हारने पर 'गहरी निराशा' व्यक्त करते हुए इस बात से इनकार किया कि उसने बोली प्रक्रिया से हाथ खींच लिया था और कहा कि अंतिम परिणाम 'निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा' को नहीं दर्शाता है।

राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी के अनुसार लक्ष्मीनिवास मित्तल और उनके बेटे आदित्य मित्तल ने वैक्सीन निर्माता अदार पूनावाला के साथ मिलकर राजस्थान रॉयल्स में 1.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 15,600 करोड़ रुपए) में बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर ली, क्योंकि सोमानी (टेक्नोलॉजी उद्यमी), रॉब वाल्टन (वॉलमार्ट समूह) और शीला फोर्ड हैम्प (फोर्ड समूह) के समूह ने अपना नाम वापस ले लिया।



### हमारा समूह सौदा पूरा करने के लिए था तैयार : सोमानी

सोमानी की अगुवाई वाले समूह ने कहा, 'छह महीने की लंबी प्रक्रिया के दौरान हम शुरू से अंत तक प्रमुख बोलीदाता थे और ऐसे में राजस्थान रॉयल्स के स्वामित्व समूह का हिस्सा न बन पाने से हम बेहद निराश हैं।' इसमें आगे कहा गया है, 'मीडिया में जो बातें फैलाई गई हैं उसके विपरीत हमारा समूह पूरी तरह से वित्त पोषित था और स्वामित्व हासिल करने के लिए तैयार था। हमारा समूह निश्चित रूप से सौदा पूरा करने के लिए तैयार था। हमने कभी भी अपनी बोली वापस नहीं ली।' समूह ने कहा कि उसके पास सभी दस्तावेज मौजूद हैं और उसे बताया गया था कि फ्रेंचाइजी के बोर्ड की बैठक उसकी बोली को मंजूरी देने के लिए बुलाई गई थी।

### सोमानी के दस्तावेजों को लेकर कई समस्याएं

*समूह ने कहा, 'लेकिन आखिर में ऐसा नहीं हुआ। हमने इस प्रक्रिया को ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, पेशेवरपन और सद्भावना के उच्चतम मानकों के साथ आगे बढ़ाया, लेकिन दुर्भाग्य से यह पर्याप्त नहीं था।' विज्ञप्ति के अनुसार, 'हमारा मानना है कि आखिर में, जो परिणाम सामने आया वह निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को प्रतिबिंबित नहीं करता है।' सोमानी के नेतृत्व वाले अमेरिका स्थित समूह ने 1.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर की पेशकश की थी, लेकिन सूत्रों के अनुसार इसके दस्तावेजों को लेकर कई समस्याएं थीं, जो फ्रेंचाइजी के मौजूदा मालिकों मनोज बदाले और समूह की जांच में खरी नहीं उतरी। मित्तल परिवार के पास राजस्थान रॉयल्स का लगभग 75 प्रतिशत, जबकि पूनावाला के पास लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा होगा।*



"अगर आप भी कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा ग्रेन्यूल्स। यह पहले दिन से असर दिखाता है, मुंह में चिपकता नहीं और इसकी आदत भी नहीं बनती।"
मोर्निंग होगी मस्त
क्योंकि पेट सफा है जबरदस्त
Safe for daily use | No Side Effect | No added Sugar
पेट सफा... तो हर रोग दफा
24x7 Helpline: 91197 88888 • www.petsaffa.com • Available at all medical and general stores
Dr. Juneja's पेट सफा ®
Natural Laxative Granules & Tablets

## गया एयरपोर्ट पर वियतनाम के राष्ट्रपति टो का सीएम सम्राट ने किया स्वागत, महाबोधि मंदिर में की पूजा

एजेंसी ▶▶ पटना

वियतनाम के राष्ट्रपति टो लाम 5 मई 2026 को तीन दिवसीय भारत दौरे की शुरुआत में बिहार के गया पहुंचे। गया एयरपोर्ट पर बिहार के सीएम सम्राट चौधरी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सीएम सम्राट चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि वियतनामी राष्ट्रपति की यात्रा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी। राष्ट्रपति टो लाम ने बोधगया के प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की और पवित्र बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान साधना भी की।

राष्ट्रपति के साथ 80 सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी गया पहुंचा है। सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विरासत की नगरी गयाजी आगमन पर वियतनाम के राष्ट्रपति टो लाम का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। यह ऐतिहासिक आगमन निश्चित ही हमारे भारत-वियतनाम के प्रगाढ़ संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।


वियतनाम के राष्ट्रपति का गया में स्वागत करते सीएम सम्राट चौधरी

### रणनीतिक साझेदारी के 10 साल पूरे

उनका प्रस्थान निर्धारित है। इस दौरे को भारत-वियतनाम संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खासकर व्यापार, निवेश और रणनीतिक सहयोग के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर होगा। भारत और वियतनाम के बीच ऐतिहासिक और सभ्यता से जुड़े रिश्ते हैं, जो पिछले कुछ वर्षों में और गहरे हुए हैं। राष्ट्रपति टो लाम का दौरा ऐसे मौके पर हो रहा है जब दोनों देश 2016 में पीएम मोदी की वियतनाम यात्रा के दौरान हुए व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 साल पूरे होने पर सहमत हैं।


### राष्ट्रपति बनने पर दी थी बधाई

इससे पहले, 7 अप्रैल को, पीएम मोदी ने वियतनाम के राष्ट्रपति के रूप में टो लाम के चुनाव पर उन्हें बधाई दी और दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए उनके साथ आगे काम करने की तत्परता व्यक्त की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया था कि टो लाम के नेतृत्व में दोनों देशों के बीच सदियों पुरानी मित्रता और भी मजबूत होती रहेगी।

## सेना ने बीईएल संग किया 1,476 करोड़ का अनुबंध, मिलेंगी 5 इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट के बीच सेना ने हैदराबाद स्थित भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ मंगलवार को कुल 1 हजार 476 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसकी मदद से सेना को पांच जमीन पर स्थित मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम मिलेंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह प्रणाली 72% स्वदेशी उपकरणों से युक्त होगी। समझौते पर राजधानी स्थित कर्तव्य भवन में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में दोनों पक्षों ने हस्ताक्षर किए हैं। वहीं, इस सैन्य उत्पाद की खरीद रक्षा मंत्रालय की स्वदेशी डिजाइन के आधार पर विकास और निर्माण श्रेणी (बॉय इंडिया-इंडिजिनली डिजाइन्ड, डेवलप एंड मैन्युफैक्चर्ड) के तहत की जाएगी।



### सेना को होगा यह लाभ

मंत्रालय ने कहा कि इस प्रणाली की मदद से भारतीय सेना की इकाइयों का आधुनिकीकरण होगा। साथ ही यह देश के स्वदेशी रक्षा विनिर्माण तंत्र को भी सुदृढ़ बनाएगा।

### ईरान ने तोड़ा युद्धविराम, यूएई के फुलैराह तेल संयंत्र पर ड्रोन से किया हमला

## 3 भारतीय घायल, पीएम मोदी बोले- लोगों और इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाना 'अस्वीकार्य'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

> पीएम मोदी ने कहा कि भारत यूएई के साथ मजबूती से खड़ा है और बातचीत और कूटनीति के जरिए सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपना समर्थन दोहराता है। होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित और बिना रुकावट के नेविगेशन सुनिश्चित करना, इलाके में शांति, स्थिरता और ग्लोबल ऊर्जा सुरक्षा बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है

अमेरिका-ईरान युद्धविराम के बीच सोमवार को ईरान द्वारा खाड़ी देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर 19 मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया गया था। इसमें एक ईरानी ड्रोन ने यूएई के एक प्रमुख तेल संयंत्र फुजैराह पर हमला किया जिससे उसमें भीषण आग लग गई। इस हमले के बाद मध्य पूर्व संघर्ष में स्थिति खतरनाक हो गई है। इस हमले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कड़ी निंदा की। इसके साथ ही उन्होंने यूएई के लिए अपना समर्थन जताया।



यूएई पर हुए इस हमले में तीन भारतीय घायल हो गए। वहीं दुनिया के अन्य शीर्ष नेताओं ने भी यूएई पर हुए इन हमलों की निंदा की है। पीएम मोदी ने कहा कि यूएई पर हुए हमलों की कड़ी निंदा करते हैं, जिसमें तीन भारतीय नागरिक घायल हुए। आम लोगों और इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाना मंजूर नहीं है। भारत यूएई के साथ मजबूती से खड़ा है और बातचीत और कूटनीति के जरिए सभी मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपना समर्थन दोहराता है। होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित और बिना रुकावट के नेविगेशन सुनिश्चित करना, इलाके में शांति, स्थिरता और ग्लोबल ऊर्जा सुरक्षा बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है।

**यूएई पर किए गए हमलों की दुनिया भर में निंदा**

**होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही हो**


यूएई के फुलैराह तेल संयंत्र पर हमले बाद उठता धुएं का गुबार

### पहले भी फुजैराह पर हमला कर चुका है ईरान

यूएई ने कहा कि पिछले महीने ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल युद्धविराम के बाद से उस पर पहली बार हमला हुआ है। ईरान पर देश के सबसे बड़े बंदरगाह और तेल भंडारण क्षेत्र, फुजैराह तेल उद्योग क्षेत्र को निशाना बनाने का आरोप है। यूएई ने कहा कि विस्फोट में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए। सोमवार को ईरान और अमेरिका के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य पर हुई गोलीबारी के बीच हुए इस हमले को अबू धाबी ने 'खतरनाक तनाव बढ़ाने' का एक रूप बताया।

### हम भी देंगे जवाब: यूएई

यूएई के विदेश मंत्रालय ने चेतावनी देते हुए कहा कि हम हमलों का पूर्ण और वैध जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। ये हमले एक खतरनाक तनाव बढ़ाने और एक अस्वीकार्य अतिक्रमण हैं। बता दें, 1983 में खोला गया फुजैराह तेल उद्योग क्षेत्र, होर्मुज जलडमरूमध्य के पार ओमान की खाड़ी के किनारे रणनीतिक रूप से स्थित, इस क्षेत्र में परिष्कृत कच्चे तेल के सबसे बड़े वाणिज्यिक भंडारण केंद्र के रूप में कार्य करता है।

### अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन: ईयू



यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने कहा कि ईरान के नागरिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर गलत मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद मुहम्मद बिन जायद और संयुक्त अरब अमीरात के लोगों के साथ पूरी एकजुटता है। संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानून का ये उल्लंघन मंजूर नहीं है और इसे रोकना होगा। ईरान को मिडिल ईस्ट में सीजफायर बनाए रखने के लिए बातचीत करनी चाहिए।

### हम यूएई के साथ: जर्मनी



जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि यूएई एक बार फिर ईरानी ड्रोन और मिसाइल हमलों का निशाना बना है। हम इन हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। हमारी एकजुटता यूएई के लोगों और इस क्षेत्र में हमारे साझेदारों के साथ है।

### हमला गलत: कनाडा



कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने कहा कि कनाडा, ईरान के बिना उकसावे के यूएई पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करता है। हम मुहम्मद बिन जायद और यूएई के लोगों के साथ खड़े हैं।

### तनाव खत्म हो: ब्रिटेन



ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने यूएई पर हमले के लिए ईरान की आलोचना की और कहा कि वह खाड़ी में अपने साझेदारों की रक्षा का समर्थन करते रहेंगे। यह तनाव खत्म होना चाहिए।

### दो भारतीय पत्रकारों को पुलित्जर पुरस्कार



**नई दिल्ली।** दो भारतीय पत्रकारों ने भारत में साइबर अपराध को उजागर करने वाली एक खोजी रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट के लिए प्रतिष्ठित पुलित्जर पुरस्कार जीता है। आनंद आरके और सपना शर्मा को नैटली ओबिको पियर्सन के साथ 'इलस्ट्रेटेड रिपोर्टिंग और कमेंट्री' श्रेणी में विजेता घोषित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार ब्लूमबर्ग के लिए तैयार की गई उनकी रिपोर्ट के लिए मिला।

### पाकिस्तान में एक प्रमुख धर्मगुरु की हत्या

**पेशावर (भाषा)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को इस्लामिक स्टेट से जुड़े बंदूकधारियों ने एक लक्षित हमले में एक प्रमुख धर्मगुरु की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अज्ञात बंदूकधारियों ने चारसद्दा जिले के उस्मानजई इलाके में शेख-उल-हदीस मौलाना मोहम्मद इदरीस के वाहन पर घात लगाकर हमला किया।

### म्यांमार में एडमिरल त्रिपाठी की अहम बैठक

## समुद्री सहयोग बढ़ाने, क्षमता निर्माण मजबूत करने पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीफ ऑफ नेवल स्टाफ (सीएनएस) एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने म्यांमार की राजधानी नेप्यीडॉ में म्यांमार नौसेना के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल ह्टिन विन से मुलाकात की।

इस दौरान दोनों देशों के बीच बढ़ते रिश्तों पर बात हुई। साथ ही समुद्री सहयोग बढ़ाने, ट्रेनिंग, क्षमता निर्माण, मोबाइल ट्रेनिंग टीम्स (एमटीटीएस), हाइड्रोग्राफी और आपसी तालमेल (इंटरऑपरेबिलिटी) को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान दोनों देशों के रक्षा संबंधों की समीक्षा की गई और आगे की प्राथमिकताओं पर बात हुई। साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि भारत-म्यांमार रक्षा सहयोग क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के लिए कितना अहम है। बातचीत में चल रही गतिविधियों और आगे सहयोग बढ़ाने के नए रास्तों पर भी चर्चा हुई, जो दोनों देशों के बीच मजबूत और भविष्य की ओर बढ़ते रिश्तों को दिखाता है। यह बैठक दोनों नौसेनाओं के रिश्तों को और मजबूत करने और बंगाल की खाड़ी में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है। दोनों पक्षों ने भारत-म्यांमार रिश्तों को और आगे बढ़ाने पर बात की। खास तौर पर समुद्री सहयोग, ट्रेनिंग, क्षमता निर्माण, मोबाइल ट्रेनिंग टीम्स, हाइड्रोग्राफी और आपसी तालमेल को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।



पुराने से पुराने जोड़ों के दर्द का असरदार ईलाज




डा. ऑर्थो ही क्यूं खरीदें?
इन्होंने भी अपनाया, जोड़ों के दर्द में आराम पाया
सम्पूर्ण भारत में मिले परिणाम

Himachal Pradesh — अमरेश कुमार गोयल, 63 वर्ष ने लिखा कि मैं मजदूरी करता हूं। हर रोज काम की वज़ह से पैर और घुटनों में बहुत असहनीय दर्द रहता था। एक दिन मैंने टी.वी. पर डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का विज्ञापन देखा। इसके बाद डा. ऑर्थो के नियमित इस्तेमाल से मेरे पैरों और घुटनों के दर्द में आराम है। इसका परिणाम बहुत ही अच्छा लगा।

Assam — मेरा नाम अंजली देवी, उम्र 57 वर्ष है। मैं एक हाउस वाईफ हूं। काफी दिनों से मेरे घुटनों, एड़ियों में भयंकर दर्द था। फिर एक दिन मैंने अखबार में आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का विज्ञापन देखा व इसका इस्तेमाल शुरू किया। सिर्फ 6 महीनों के नियमित इस्तेमाल से मुझे दर्द में बेहतर आराम मिला। मैं डा. ऑर्थो का थैंक्स करती हूँ।

Gujarat — बालकृष्ण गोपाल राव वडनेरे, उम्र 83 वर्ष ने हमें लिखा है कि उन्हें बहुत समय से घुटनों के दर्द की वज़ह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। फिर उनके बड़े भाई ने उन्हें डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल लाकर दिया। उन्होंने अखबार में भी इसका विज्ञापन देखा और निर्देशानुसार यूज किया। घुटनों का दर्द कम हुआ।

Chhattisgarh — हीरालाल शेंडे, उम्र 72 वर्ष ने बताया कि मैं काफी समय से घुटनों, कमर दर्द से बहुत परेशान रहता था। कई इलाज करवाए, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। मैंने टी.वी और अखबार में डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड देखा और ट्रीटमेंट शुरू किया। कुछ ही दिनों में दर्द से आराम मिल गया और अब मैं बिल्कुल स्वस्थ महसूस कर रहा हूँ।

Uttar Pradesh — प्रहलाद पासवान, 46 वर्ष ने बताया कि मुझे बहुत समय से कोहनी में दर्द रहता था। जिससे रोजमर्रा के काम करने में भी काफी दिक्कत होती थी। फिर एक दिन मुझे आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल के बारे में पता चला। निर्देशानुसार प्रयोग करने पर मेरी कोहनी का दर्द बिल्कुल कम हो गया है। मैं इसके लिए डा. ऑर्थो को धन्यवाद देता हूं।

Maharashtra — कृष्णराव कडू, उम्र 59 वर्ष ने लिखा है कि बहुत दिनों से खेती के कारण पीठ में असहनीय दर्द रहने लगा था। फिर एक दिन न्यूजपेपर में आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड पढ़ा। 2 माह से डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल को यूज कर रहा हूं। पीठ का दर्द बहुत ही कम हो गया है। इसीलिए डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल बहुत अच्छा लगा।

24x7 Helpline No.: 7876977777 • www.drorthooil.com • Available at all medical & general stores

नक्कालों से सावधान — 'डा. ऑर्थो' के सभी प्रोडॅक्टस केवल 'डा. ऑर्थो' नाम से ही बनाए जाते हैं, मिलते-जुलते नाम, पैकिंग, शीशी, विज्ञापन से सावधान। सर्वोत्तम डा. ऑर्थो ही खरीदें।


जमैका की विदेश मंत्री कामिना जे. स्मिथ के साथ एस. जयशंकर

### जमैका की विदेश मंत्री से जयशंकर की भेंट

## दोनों देशों के बीच खेल और डिजिटल पेमेंट पर एमओयू

**किंग्सटनद।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने जमैका के दौरे पर अपनी समकक्ष विदेश मंत्री कामिना जे स्मिथ से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच बहुआयामी साझेदारी को नई दिशा देने पर जोर दिया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, डिजिटल सहयोग, पर्यटन, खेल-मनोरंजन, इंफ्रास्ट्रक्चर, क्षमता निर्माण और बहुपक्षीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। डॉ. एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि मैंने विदेश मंत्री कामिना जे. स्मिथ और दूसरे कैबिनेट मंत्रियों के साथ हमारी साझेदारी के अलग-अलग पहलुओं का गहराई से समीक्षा करने के लिए बैठक की।

### जमैका पीएम से मिले

जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और आधारभूत ढांचा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। विदेश मंत्री ने जमैका के पीएम एंड्र्यू होलनेस के साथ भी मुलाकात की।

### होर्मुज स्ट्रेट को लेकर गालिबाफ ने ट्रंप पर कसा तंज

## बोले- हमने तो अभी शुरुआत भी नहीं की नाकेबंदी जारी रखना इतना भी सरल नहीं

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिका के साथ बातचीत कर रहे ईरान के मुख्य वार्ताकार और ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने मंगलवार को चेतावनी दी कि होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर जारी गतिरोध में उनके देश ने अभी शुरुआत भी नहीं की है। गालिबफ ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि हम भली-भांति जानते हैं कि यथास्थिति का जारी रहना अमेरिका के लिए असहनीय है, जबकि हमने अभी शुरुआत भी नहीं की है। अमेरिका और उसके सहयोगियों की कार्रवाइयों ने जहाजरानी सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है, लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी हानिकारक उपस्थिति कम हो जाएगी।


मोहम्मद बाघेर गालिबाफ

### ईरान समझौता करना चाहता है: ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि ईरान अब समझौता करना चाहता है। ट्रम्प के मुताबिक, अगर यह युद्ध नहीं होता तो ईरान पूरे मिडिल ईस्टपर कब्जा करने की कोशिश करता। उन्होंने कहा कि अब ईरान अपने हालात संभालने में लगा है।



उन्होंने यह भी कहा कि इलाके में कड़ी नाकेबंदी है और उस पर अमेरिका का पूरा कंट्रोल है। कोई भी इस नाकेबंदी को तोड़ नहीं सकता। दक्षिण कोरिया के जहाज पर हुए हमले को लेकर ट्रम्प ने कहा कि वह जहाज अकेला था और अमेरिकी सुरक्षा में नहीं था। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान उनसे बातचीत में सम्मान दिखाता है, लेकिन बाद में मीडिया में कहता है कि कोई बातचीत नहीं हुई। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका ने ईरान की सेना को पूरी तरह खत्म कर दिया है। ट्रम्प ने कहा कि अब ईरान के पास सिर्फ छोटी नावें बची हैं, जिन पर मशीन गन लगी होती है।

## सस्ती चिकित्सा सेवाएं सुलभ होंगी, नवाचार को देंगे बढ़ावा

**नई दिल्ली।** भारत और जापान ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई है। नई दिल्ली में आयोजित तीसरी संयुक्त समिति बैठक में दोनों देशों ने बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था, मजबूत चिकित्सा आपूर्ति श्रृंखला और डिजिटल स्वास्थ्य में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। इस बैठक की सह-अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और जापान की स्वास्थ्य नीति मंत्री किम ओनोदा ने की। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि यह बैठक दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत करने और नवाचार को बढ़ावा देने पर ध्यान दिया जा रहा है। जापान की मंत्री किमी ओनोदा ने भी कहा कि उनका देश तकनीक, शोध और नवाचार के माध्यम से भारत के साथ सहयोग को और आगे बढ़ाने के लिए तैयार है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28